संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े ........

11 जनवरी 2025, शनिवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 07, अंक - 104

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

## एचएमपीवी के देश में 13 केस

**नई दिल्ली ।** कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के देश में कुल 13 मामले हो गए हैं। शुक्रवार को राजस्थान के बारां से एक पॉजिटिव केस मिला है। यहां एक 6 महीने की बच्ची एचएमपीवी से संक्रमित हुई हैं। इससे पहले गुरुवार को 3 केस मिले थे। इनमें लखनऊ में 60 साल की महिला, गुजरात के अहमदाबाद में 80 साल का बुजुर्ग और हिम्मतनगर में 7 साल का बच्चा शामिल है। तीनों का इलाज चल रहा है। इससे पहले महाराष्ट्र और गुजरात में 3-3, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और यूपी में एक-एक केस सामने आए थे।

# राज्य सरकारें तय करें क्रीमीलेयर को आरक्षण से बाहर रखा जाए या नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारत में एससी-एसटी वर्ग को आरक्षण देने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट का हाल में दिया गया फैसला महत्वपूर्ण है। अगस्त 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने इस वर्ग के क्रीमीलेयर को आरक्षण के लाभ से बाहर करने की सिफारिश की थी, ताकि आरक्षण का फायदा वास्तव में उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। इस फैसले को लागू करने की जिम्मेदारी अब राज्य सरकारों पर डाल दी गई है। कोर्ट ने साफ कर दिया है कि यह फैसला विधायिका और कार्यपालिका का कार्य है, अर्थात् संसद और राज्य सरकारों को यह तय करना होगा कि क्रीमीलेयर को आरक्षण से बाहर रखा जाए या नहीं।

मध्य प्रदेश के एक व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट में



याचिका दाखिल की थी, जिसमें उसने राज्य सरकार को आदेश देने का अनुरोध किया था कि वह सरकारी भर्तियों में क्रीमीलेयर को आरक्षण लाभ से बाहर करे। याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट से मांग की थी कि सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में एससी-एसटी वर्ग के क्रीमीलेयर को आरक्षण लाभ से वंचित किया जाए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दखल देने से इनकार कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे पर जो विचार व्यक्त किए गए थे, वे केवल सुझाव थे, और इसे लागू करने का काम राज्य सरकारों का है। कोर्ट ने कहा कि यदि क्रीमीलेयर को आरक्षण से बाहर किया जाता है तो यह फैसला नीति निर्धारक निकायों द्वारा किया जाएगा, क्योंकि यह एक नीतिगत मुद्दा है। इस मामले में अटॉर्नी जनरल ने तर्क दिया था कि कोर्ट को इस प्रकार के नीतिगत फैसलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। इसके अलावा जब याचिकाकर्ता ने यह तर्क रखा कि नीति निर्धारक खुद क्रीमीलेयर मानदंड के कारण आरक्षण से वंचित हो जाएंगे, तो कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया और कहा कि यह विधायिका का काम है। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले अगस्त 2024 में एक ऐतिहासिक आदेश दिया था, जिसमें उसने एससी-एसटी वर्ग में क्रीमीलेयर की पहचान करने और उन्हें आरक्षण से बाहर करने के लिए एक तंत्र तैयार करने की जरुरत जताई थी। कोर्ट ने कहा था कि ओबीसी क्रीमीलेयर का सिद्धांत एससी-एसटी पर लागू नहीं हो सकता और इसके लिए एक अलग तंत्र होना चाहिए। यह फैसला उन लोगों के हित में था जिन्होंने आरक्षण का लाभ लिया और समाज में उच्च पदों तक पहुंचे। इस आदेश के बाद कई दलित समुदाय के प्रभावशाली वर्गों ने इसका विरोध किया था, उनका कहना था कि इससे एससी-एसटी समुदाय की एकता को खतरा हो सकता है।

# आईटी टावर राज्य के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार का एक नया द्वार खोलेगा : मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नामकुम, रांची में स्थित आईटी टावर परियोजना की प्रशंसा करते हुए कहा है कि आईटी टावर झारखंड के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार का एक नया द्वार खोलेगा। यह राज्य को तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनने में मदद करेगा। साथ ही यह अत्याधुनिक आईटी टावर ना केवल झारखंड की तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करता है, बल्कि राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा।

तकनीकी और डिजिटल व्यवसायों के लिए एक प्रमुख केंद्र



इस आईटी टावर को झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (जेआईएडीए) की देखरेख में विकसित किया गया है, जो तकनीकी और डिजिटल व्यवसायों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करेगा। इसकी संरचना जी+5 फ्लोर की है और क्षेत्रफल लगभग 40,000 वर्ग फीट है। जेआईएडीए, रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने नामकुम औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अत्याधुनिक आईटी टावर के दीर्घकालिक पट्टे (30 वर्ष) के लिए प्रतिष्ठित संगठनों और योग्य आईटीआईटीईएस क्षेत्र की संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15 फरवरी है। इस परियोजना के माध्यम से झारखंड सरकार राज्य को डिजिटल रूप से सशक्त और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आईटी टावर ना केवल रांची, बल्कि पूरे राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बीपीएससी री-एग्जाम कराने की मांग की याचिका स्वीकार

**पटना ।** बीपीएससी परीक्षा को लेकर पटना हाईकोर्ट ने जनसुराज की याचिका को स्वीकार किया है। बीपीएससी री-एग्जाम कराने की मांग को लेकर 9 जनवरी को जनसुराज पार्टी ने याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट खुलने के बाद 15 जनवरी को मामले की सुनवाई होगी। इसके पहले बिहार की आनंद लीगल एंड फोरम ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सुनने से इंकार करते हुए हाईकोर्ट जाने की बात कही थी। जनसुराज के अधिवक्ता प्रणव कुमार ने अनुच्छेद-226 के तहत रिट याचिका दायर कर बीपीएससी की पीटी को रद्द कर री-एग्जाम कराने की मांग की है।

### मेरठ में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या

**मेरठ ।** एक भयानक हत्या मामले का खुलासा हुआ है जो उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के लिसाड़ी गेट क्षेत्र में हुआ। इस वारदात में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या की गई। पति-पत्नी और उनकी तीन बेटियों की लाश मौजूद थी, जिन्हें बेड के अंदर छुपाया गया था। मृतकों में मोइन, उनकी पत्नी आसमा और उनकी तीन बच्चों अफ्सा, अजीजा, और अदीबा शामिल थे। इस घटना से परिवार और पूरे इलाके में शोक और आतंक का माहौल छाया हुआ है। पुलिस मामले की जांच में काम कर रही है और वहां के फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड को शामिल किया गया है, ताकि हत्याओं के पीछे छिपे रहस्य से का पता लगाया जा सके। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे की भी जांच की जा रही है। मौके पर आए लोगों के मुताबिक हत्या की जानकारी मिलने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी थी। पति का भाई सलीम ने घर पहुंचते हुए अजीब वारदात का सामना किया, उन्होंने देखा कि दरवाजा बंद होने के बावजूद घर में संकुचन और सन्नाटा था।

## रघुवर दास ने दोबारा थामा भाजपा का दामन, कहा-

# राज्य सरकार चुनावी वायदे को करें पूरा, नहीं तो भाजपा सड़क से सदन तक करेगी आंदोलन

**संवाददाता**

**रांची ।** ओडिशा के पूर्व राज्यपाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शुक्रवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित सदस्यता ग्रहण समरोह में दोबारा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय और सांसद आदित्य साहू समेत पार्टी के का वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।



सदस्यता ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और वीरों की पावन भूमि, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई द्वारा बनाये झारखंड राज्य की भूमि पर अपनी पुरानी भूमिका में लौटकर ऐसा लग रहा है कि जैसे मां के आंचल तले वापस आया हूं। राज्यपाल होना गरिमा की बात होती है लेकिन संगठन का दास होना गर्व की बात होती है।उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधान सेवक हैं और मैं भी सेवक बन कर आपकी सेवा में हाजिर हूं। सूर्य उत्तरायण में जाएगा, लेकिन इस बार वर्ष 2025 का सूर्य महाकुंभ के साथ आया है और इस महाकुंभ में अमृत पान झारखंड का हर निवासी करेगा। विगत वर्ष 2024 से सबक लेते हुए 2025 के नए वर्ष में नई ऊर्जा, नई उमंग और नए उत्साह के साथ हमें झारखंड की जनता के हित के लिए लड़ना है, जूझना है और विजयी होना है।रघुवर दास ने कहा कि आज 10 जनवरी का दिन मेरे लिए ऐतिहासिक दिन है, जहां मैं राष्ट्र की राजनीति करनेवाले एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी की 1980 के बाद दूसरी बार सदस्यता ले रहा हूं।

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने कहा कि घुसपैठ की समस्या कानून व्यवस्था के लिए खतरनाक स्थिति उत्पन्न कर रही है। जबकि लोग लालच और भय दिखाकर धर्मांतरण करना संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है जहां उनके शासनकाल में पीएफआई पर प्रतिबंध लगाया था। राजनीतिक वोट बैंक की वजह से झारखंड में यह संगठन एक बार फिर से अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है। उन्होंने कहां की विधानसभा चुनाव में गठबंधन की सरकार को जनादेश मिला है जिसका पार्टी सम्मान करती है।

वहीं चुनाव में भाजपा को विपक्ष में बैठने का अधिकार मिला है। रघुवर दास ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार जन आदेश का सम्मान करते हुए अपने चुनावी वायदे को पूरा करें। एक मजबूत विपक्ष होने के नाते भारतीय जनता पार्टी राज्य सरकार के कामकाज को 6 महीना तक आकलन करेगी। यदि सरकार अपने वायदे को पूरा नहीं करती है तो 6 महीने बाद भारतीय जनता पार्टी सड़क से सदन तक सरकार की नीतियों विरोध करेगी।

# मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की मौजूदगी में एसकेएमयू में लगाए गए ताले तोड़े गये



**संवाददाता**

**दुमका ।** राज्य सरकार के निर्देश पर तथा मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की मौजूदगी में आंदोलनरत कर्मचारियों द्वारा परिसर के सभी भवनों पर लगाए गए ताले आज रात्रि 8 बजे हटा दिए गए हैं। उक्त बात कि जानकारी शुक्रवार को एसकेएमयू विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी दीपक कुमार दास ने दी है। एसकेएसयू में जड़ा गया ताला अंतत : तोड़ दिया गया है। नवंबर महीने के अंतिम सप्ताह से यहां ही तालाबंदी थी, लेकिन उसके पहले से ही कर्मचारी हड़ताल पर थे। ताला टूटने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि शनिवार से ही सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन अपना कामकाज कैंपस में ही निष्पादित करेगा। शुक्रवार की देर शाम कुलपति प्रो डॉ बिमल प्रसाद सिंह अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों व तैनात किये गये दंडाधिकारियों को लेकर पहुंचे और विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन के गेट में जड़ा गया ताला तोड़ दिया गया। इस मामले में कुलपति ने कहा कि ताला जड़ना वैधानिक नही है।अगर इस तरह से फिर विश्वविद्यालय के कार्य में व्यवधान पैदा किया गया, तो विवि प्रशासन दोबारा वैधानिक कार्रवाई के तहत प्रशासनिक मदद लेगा।

## सीएम ने मधुबन में हिंसा मामले के जांच के दिए आदेश

**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प के जांच के आदेश दिए हैं। इस घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झड़प के दौरान ड्यूटी पर तैनात बाघमारा के एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह के घायल होने की जानकारी प्राप्त होने पर उनके पिता अशोक सिंह से व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल के माध्यम से बात की। मुख्यमंत्री ने उनके इलाज से संबंधित पूरी जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना को लेकर राज्य सरकार आपके परिवार के पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उनके इलाज को लेकर जो भी सहयोग की जरूरत होगी, राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी। यदि जरूरत पड़े तो एयर लिफ्ट कर के बेहतर जगह भी भेजने के लिए सरकार तैयार है।

# रांची से अलकायदा का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड की राजधानी रांची के चान्हो थाना क्षेत्र के चितरी गांव से शुक्रवार को अलकायदा के संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल सेल दिल्ली और एटीएस झारखंड टीम ने कांड संख्या 301/24 में आरोपित शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा शाहबाज अंसारी के गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह को उसे गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

देश की खिलाफत करने और गंभीर आतंकी साजिश रचने को लेकर दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों और अलग-अलग राज्यों की पुलिस की मदद से वर्ष 2024 में झारखंड, दिल्ली और राजस्थान में बड़ी कार्रवाई की थी। झारखंड पुलिस के एटीएस ने अलकायदा इन इंडियन सब कॉंटिनेंट के आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया था जबकि राजस्थान में ट्रेनिंग ले रहे छह संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया था, जिसमें अधिकांश झारखंड के रहने वाले थे। मामले में शाहबाज अंसारी फरार चल रहा था। इसी बीच झारखंड एटीएस और दिल्ली की स्पेशल सेल को यह सूचना मिली कि शाहबाज अंसारी अपने गांव चितरी आया हुआ है, जो रांची लोहरदगा के बॉर्डर पर स्थित है। जानकारी मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# मैं भी इंसान हूं कोई भगवान नहीं, मुझसे भी गलतियां होती हैं : मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी ने पहली बार पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा कि मैं कोई भगवान नही हूं, मैं भी आपकी तरह एक इंसान हूं, गलतियां हमसे भी होती हैं। पीएम मोदी ने दुनिया में युद्ध की स्थिति, राजनीति में युवाओं की एंट्री, पहले और दूसरे टर्म के बीच अंतर पर जवाब देते हुए कहा कि गलतियां होती हैं, मुझसे भी होती होंगी। मैं भी मनुष्य हूं, कोई देवता नहीं।



पीएम मोदी से पूछा कि अगर युवा को राजनेता बनना है तो उसमें क्या टैलेंट होना चाहिए। इस पर पीएम ने जवाब दिया कि राजनीति में लगातार अच्छे लोग आते रहने चाहिए। मिशन लेकर आएं, एंबीशन लेकर नहीं। जब मैं मुख्यमंत्री बना, तो मेरा एक भाषण था, जिसमें कहा था कि गलतियां होती हैं, मुझसे भी होती होंगी। मैं भी मनुष्य हूं, कोई देवता थोड़ी हूं। कई देशों के बीच चल रहे युद्ध पर पूछा कि आज पूरी दुनिया युद्ध की ओर चल रहा है। क्या हमें चिंतित होना चाहिए? इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने लगातार कहा है कि हम न्यूट्रल नहीं हैं, मैं शांति के पक्ष में हूं। वहीं, जब प्रधानमंत्री से पहले और दूसरे टर्म के अंतर के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने जवाब दिया कि पहले टर्म में लोग मुझे समझने की कोशिश करते थे और मैं भी दिल्ली को समझने की कोशिश करता था। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई इंटरव्यूज देते रहे हैं, लेकिन यह उनका पहला पॉडकास्ट इंटरव्यू है। एक दिन पहले ही पॉडकास्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया था, जिससे सस्पेंस बढ़ गया था।

# राजद नेता आलोक मेहता के बिहार सहित पूरे देश में 16 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

## मामला 85 करोड़ के फ्रॉड लोन से जुड़ा

**एजेंसी**

**पटना ।** बिहार में आरजेडी नेता और पूर्व मंत्री आलोक मेहता के ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा है। सूत्रों के मुताबिक, लोन फ्रॉड से जुड़े मामले में ईडी ने यह कार्रवाई की है। इस मामले में फर्जी लोन खातों, जाली दस्तावेजों और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए गए हैं। ईडी ने बिहार समेत देश में 18 ठिकानों पर छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक पटना जोनल ऑफिस की टीम ने 85 करोड़ रुपए के लोन फ्रॉड मामले में बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के करीब 18 स्थानों पर छापे मारे हैं। यह कार्रवाई बैंक के तत्कालीन सीईओ, चेयरमैन, अन्य कर्मचारियों



और कुछ लाभार्थियों के ठिकानों पर है। यह मामला वैशाली शहरी विकास सहकारी बैंक लिमिटेड में 85 करोड़ रुपए के लोन से जुड़ा है। इस मामले में आरजेडी विधायक आलोक मेहता के यहां ईडी ने छापा मारा। आरोप है करीब 400 फर्जी लोन खातों को खोलकर नकली और जाली वेयरहाउस और एलआईसी रिसीट्स के आधार पर फंड को फर्जी तरीके से बांटा गया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने योगी सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट, संभल में कुएं की पूजा पर रोक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।**नई दिल्ली(ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने संभल के जामा मस्जिद वाले कुएं की पूजा पर रोक लगा दी है। नगरपालिका ने इससे पहले वहां पूजा की इजाजत दी थी, लेकिन उसी फैसले पर सर्वोच्च अदालत ने रोक लगाने का काम किया है। इसके ऊपर योगी सरकार से इस मामले में स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर बोला है कि कुएं के सार्वजनिक इस्तेमाल पर रोक नहीं है। 21 फरवरी को इस मामले में अलगी सुनवाई होने वाली है। अब जानकारी के लिए बता दें कि मस्जिद कमेटी ने ही एक याचिका दायर कर अपील की थी कि इस मामले में यथास्थिति बनी रहे। कमेटी का तर्क था कि अगर कुएं को मंदिर का कुआं कहा गया तो उस स्थिति में वहां पूजा शुरू हो जाएगी। अब इसी बात को समझते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से एक विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट मांगी है, 21 फरवरी को इस केस की फिर सुनवाई की जाएगी। वैसे सुनवाई के दौरान यूपी सरकार के लिए पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने तर्क दिया था कि कुआं तो सार्वजनिक जमीन पर है। लेकिन मुस्लिम पक्ष ने इस पर एतराज जताया।

# सत्ता में आने पर महाकुंभ की तर्ज पर दिल्ली में होगा छठ महापर्व : कांग्रेस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार सभी सियासी दल पूर्वांचल मूल के मतदाताओं को लुभाने के लिए तरह-तरह के वादे कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी ने ऐलान किया कि सत्ता में आने पर वह महाकुंभ की तर्ज पर दिल्ली में छठ महापर्व का आयोजन कराएगी। यमुना तट पर भोजपुरी कोकिला शारदा सिन्हा के नाम पर घाट का नाम रखा जाएगा।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में राज्यसभा सांसद और बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि पूर्वांचली भाई-बहन दिल्ली के निर्माता हैं। दिल्ली के निर्माण में उनका बहुत बड़ा योगदान है, लेकिन भाजपा और आआपा के सत्ताधारी दलों ने उनको सिर्फ़ वोट के नज़रिए से देखा।

# कॉलोनियों में सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति के लिए पैसा देगी सरकार : केजरीवाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में कुछ समय से अपराध बढ़ा है। दिल्ली में खुलेआम चोरी और डकैती हो रही हैं। गैंगवॉर हो रहे हैं, जिससे लोग डरे हुए हैं। दिल्लीवासी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लेकिन बीजेपी और मोदी सरकार



को दिल्लीवालों से कोई लेना-देना नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी ने दिल्ली को अपराध का गढ़ बना दिया है। लेकिन हमें दिल्ली वालों की चिंता है। यहां किसी के दिल में तकलीफ होती है, तब केजरीवाल को दर्द होता है। इसलिए मैंने दिल्लीवालों को भरोसा दिलाया है कि हमारी सरकार बनने पर हम रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को सिक्योरिटी गार्डों की नियुक्ति करने के लिए उचित राशि देने वाले है।

# छात्र नदारद स्कूलों में बंगाल देश में सबसे आगे : केंद्र

**एजेंसी**

**कोलकाता ।** केंद्र सरकार ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के दौरान देशभर में स्कूलों में छात्रों के दाखिले की स्थिति पर एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार, छात्रशून्य स्कूलों की संख्या के मामले में पश्चिम बंगाल देश में सबसे आगे है। इसके बाद राजस्थान और तेलंगाना का स्थान है। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल में पिछले वर्ष तीन हजार 254 स्कूल ऐसे थे जहां एक भी छात्र का दाखिला नहीं हुआ, जबकि इन स्कूलों में 14 हजार 627 शिक्षक तैनात थे। इसके अलावा, राज्य में छह हजार 366 स्कूल ऐसे भी थे जहां छात्रों की संख्या के बावजूद केवल एक शिक्षक थे। देशभर में पिछले शैक्षणिक सत्र में 12 हजार 954 स्कूल ऐसे रहे जिनमें कोई छात्र दाखिल नहीं हुआ, लेकिन 31 हजार 981 शिक्षक इन स्कूलों में तैनात थे।

# एचएमपीवी खतरनाक नहीं, लापरवाही से गर्भवती महिला और बच्चे को है खतरा

**मामलों में हो रही बढ़ोतरी, पैनिक न होकर प्रिकॉशंस लेना जरूरी**

**एजेंसी**

**नोएडा ।** देशभर में अलग-अलग राज्यों से एचएमपीवी वायरस के अब तक कुल 11 मामले सामने आए हैं। एक मामले की पुष्टि गुरुवार को यूपी के लखनऊ में हुई। इसको लेकर अब लोगों में डर पैदा होने लगा है। इस बारे में एक गाइनोकोलॉजिस्ट ने हाल ही में ह्यूमन मेटा-न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) से बचाव के लिए गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को जरूरी सलाह दी है। उन्होंने बताया कि एचएमपीवी के लक्षण आमतौर पर सर्दी-खांसी और बुखार जैसे होते हैं। संक्रमण के लक्षण संक्रमित होने के तीन से पांच दिन में सामने आते हैं। खासकर गर्भवती महिलाएं पांच साल से कम उम्र के बच्चे और छह महीने से छोटे शिशु या जो पहले से किसी बीमारी से ग्रसित हैं उन्हें इस वायरस से बचने और सावधानी बरतने की जरूरत है। गाइनोकोलॉजिस्ट ने बताया कि यह वायरस नया नहीं है और अधिकांश लोग इससे पहले ही संक्रमित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि एचएमपीवी कोरोना वायरस की तरह खतरनाक नहीं है, क्योंकि इससे लोगों के शरीर में पहले से ही इम्युनिटी विकसित हो चुकी है। एम्स द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि करीब 12 फीसदी सामान्य सर्दी के मामले एचएमपीवी से जुड़े होते हैं। हालांकि, यह घातक नहीं है, लेकिन बचाव और सतर्कता बहुत जरूरी है।

N·S·D·C
जनजाति कौशल विकास परियोजना 1.0
'भारत के जनजातीय जिलों में कौशल आधारित आजीविका इंटरवेन्शन'
(राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा सम्पोषित)
के अंतर्गत
जनजातीय लोगों को कृषि- बागवानी
(सब्जी उत्पादन) के क्षेत्र में प्रशिक्षण।
संकुल नाम - दुमका
क्लस्टर नाम - दुमका (जिला- दुमका)
प्रशिक्षण तिथि - 7 जनवरी 2025 से प्रारंभ। (प्रथम बैच)
विस्तृत जानकारी हेतु संपर्क करें
Email ID - vikasbharti1983@gmail.com
Contact No. - 0651-2545836, 7004583052
आयोजक: विकास भारती बिशुनपुर, गुमला, झारखण्ड

## लोहरदगा में दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या के दोषी को फांसी की सजा

**लोहरदगा ।** जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र अंतर्गत अरेया गांव की एक नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने के दोषी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अखिलेश कुमार तिवारी ने फांसी की सजा सुनाई है। अरेया निवासी आरोपित इंदर उरांव (25) को धारा 302 में दोषी पाते हुए फांसी की सजा जबकि पॉक्सो एक्ट में सश्रम आजीवन कारावास (मृत्यु पर्यंत) एवं पच्चीस हजार रुपये जुर्माना की सजा दी गई है। उल्लेखनीय है कि 24 दिसंबर, 2022 को दोपहर तीन बजे अरेया गांव में एक छोटी बच्ची सहेलियों के साथ खेल रही थी। इसी बीच इंद्र उरांव वहां पहुंचता है और छोटे-छोटे बच्चों को पांच-पांच रुपये देकर चॉकलेट खरीदने भेज देता है। एक छोटी बच्ची को 50 रुपये देकर साथ में लेकर घूमता है। जब उसकी मां बच्ची को ढूंढती है तो बच्ची नहीं मिली। मां ने इंदर उरांव से पूछा कि उसकी बच्ची कहां है तो वह घबरा गया और भागने लगा। इस दौरान महिला ने इंदर उरांव को पकड़ लिया तो उसने हाथ छुड़ाने के उद्देश्य से उसका गला दबाकर मारने का प्रयास किया। इसी बीच गांव में भीड़ इकट्ठी हो गई तो कुछ लोगों ने कहा कि बच्ची के साथ इंदर उरांव घूम रहा था। जब ग्रामीणों ने उससे कड़ाई से पूछा तो उसने बताया कि सुजीत उरांव के घर के पीछे बच्ची से रेप करने का प्रयास कर रहा था तो वह रोने लगी, जिसके कारण डर से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और गेंदा फूल के पौधे से उसके शरीर पर बोरा डालकर सुला दिया ताकि किसी को कुछ पता ना चल सके। इस संबंध में बगरू थाना में उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। न्यायालय ने पूरे मामले में सुनवाई करने के बाद दोषी को फांसी की सजा सुनाई। सरकार की तरफ से लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बहस की जबकि बचाव पक्ष की ओर से नारायण साहू ने पक्ष रखा। न्यायालय के इस फैसले के बाद बच्ची के परिजनों ने कहा कि बच्ची तो अब इस दुनिया में नहीं है लेकिन इस सजा से वैसे लोगों को एक सबक मिलेगा, जो इस तरह के कुकृत्य करते हैं। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व 2014 में लोहरदगा में एक बच्ची की हत्या के दोषी अलबेल को फांसी की सजा सुनाई गई थी।

# केंद्रीय कोयला मंत्री ने 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची ।** केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कांके, रिनपास के समीप 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखी। यह अस्पताल कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं से युक्त होगा। इस परियोजना का उद्देश्य झारखंड और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर रांची के माननीय सांसद एवं रक्षा राज्यमंत्री श्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद श्री आदित्य प्रसाद, राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी, कांके विधायक श्री सुरेश कुमार बैठा, छात्र के पूर्व सांसद श्री सुनील सिंह ,कोयला मंत्रालय के सचिव श्री विक्रम देव दत्त, अतिरिक्त सचिव कोयला श्रीमती विस्मिता तेज, कोयला मंत्री के निजी सचिव श्री बक्की कार्तिकेयन, अतिरिक्त निजी



सचिव श्री ए. वेंकटेश्वर रेड्डी, कोल इंडिया के चेयरमैन श्री पी.एम. प्रसाद, छ्र्रु के सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह, छ्र्स्ब्ध्र्रु के सीएमडी श्री मनोज कुमार, छ्र्रु के निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दूहन, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री पंकज कुमार और श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। माननीय मंत्री ने कहा किझारखंड और पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए यह अस्पताल एक मील का पत्थर साबित होगा। केंद्र सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आम जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए लगातार प्रयासरत है। यह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कोयला क्षेत्र के विकास और क्षेत्रीय सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होने कहा कि इस सपटल के पूर्ण हो जाने पर इसका उदघाटन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के हाथों करने का प्रयास करेंगे ।

हॉस्पिटल की मुख्य विशेषताएं

क्षमता : 200 बिस्तर। स्थान : रिनपास के समीप, कांके, रांची

परियोजना लागतः 300 करोड़ (निर्माण, उपकरण और फर्निशिंग)। परियोजना अवधिः निर्माण कार्य जून 2025 से प्रारंभ होकर दो वर्षों में पूरा होगा।संचालन और प्रबंधनः डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान (क्ष्ङ्क), एक गैर-लाभकारी संगठन।

## नकली कीटनाशक मिनी फैक्ट्री का खुलासा, 30 लाख की नकली कीटनाशक बरामद



**पलामू ।** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढवा जिले की मेराल थाना पुलिस ने शुक्रवार को नकली कीटनाशक दवा बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का खुलासा किया है। बस स्टैंड के समीप कर्बला रोड में एक घर से पुलिस ने करीब 30 लाख की नकली कीटनाशक दवा लिथल क्लोरपाईरीफॉर्म बरामद किया। पुलिस अधीक्षक गढ़वा को जानकारी मिली थी कि मेराल के एक घर में बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशक दवा तैयार कर बेचा और आपूर्ति की जाती है। इसी आलोक में छापेमारी कर गीता देवी के घर से रैपर एवं तैयार नकली दवा जब्त की गयी। कंपनी के जांचकर्ता प्रमुख रंजीत कुमार सिंह एवं सहयोगी गोपाल कुमार झा ने नकली दवा में प्रिंट किया गया। दवा की कीमत लगभग तीस लाख रुपए बताया। बरामद की गयी दवा में इंसेक्टी साइड कंपनी की नकली लेबल लगा 500 एमएल का 1208 पीस लीथल, एमएल का 4510 पीस स्टीकर, 2820 पीस सुपर 505 पीस में 250 एमएल भरा हुआ नकली लीथल, सुपर 505 का 250 एमएल में 4520 पीस स्टीकर के साथ एक पीस केमिकल बरामद किया गया है। थाना प्रभारी विष्णुकांत ने कहा कि इन्सेक्टीसाइड इंडिया कंपनी लिमिटेड के प्रमुख जांच कर्ता रंजीत कुमार सिंह के लिखित आवेदन पर मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए सभी बिन्दुओं पर मामले का अनुसंधान किया जा रहा है। नकली दवा के मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन होने के बाद स्थानीय लोगों ने बताया कि यह नकली दवा मनरेगा के बिरसा हरित बागवानी योजना में सप्लाई की जाती है। इसमें सरकारी कर्मी भी संलिप्त हैं, जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए।

## कांग्रेस ने निकाला बाबा साहेब डॉ अंबेडकर सम्मान मार्च

**खूंटी ।** खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के जरिये शुक्रवार को तोरपा में बाबा साहेब डॉ अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया। मार्च का नेतृत्व कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा और तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता ने किया। सम्मान मार्च में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और प्रदेश के सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं ने हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। रैली एनएचपीसी गेट से शुरू होकर मेन रोड होते हुए कोटेंगसेरा स्थित पेट्रोल पंप के जाकर सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जरिये संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान किये जाने के विरोध में मार्च निकाला गया है। कांग्रेस किसी भी हाल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान बर्दास्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करती है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर के अपमान के विरोध में पूरे देश में बाबा साहेब डॉ अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि तीन से 26 जनवरी तक देश के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार का मार्च निकाला जा रहा है।

# भाजपा में अब पांच पूर्व मुख्यमंत्री, नहीं है आपस में कोई तालमेल : सुप्रियो भट्टाचार्य

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और पार्टी के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने अलग-अलग मुद्दों पर भाजपा पर जमकर हमला बोला। हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि रॉयल्टी के 1 लाख 36 हजार करोड रुपए बकाया को भाजपा सरकार द्वारा लगातार नकारा गया है वही झारखंड दौरे पर आए केंद्रीय कोयला मंत्री ने स्वीकार किया है कि झारखंड का रॉयल्टी बकाया है। सुप्रिया भट्टाचार्य ने कहा कि कोयला मंत्री ने भी माना है कि रॉयल्टी के मुद्दे पर एक कमेटी को बनाया गया है।





रांची में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाए जाने के श्रेय लेने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि सीसीएल का कार्य क्षेत्र झारखंड में, जमीन झारखंड की ऐसे में सीएसआर फंड के तहत बनाए जाने वाले अस्पताल का श्रेय केंद्रीय मंत्री और केंद्र सरकार किसी लिहाज से ले रही है। रघुवर दास के भारतीय जनता पार्टी में दोबारा शामिल होने पर भी सुप्रियो भट्टाचार्य ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में अब पांच-पांच पूर्व मुख्यमंत्री हो गए हैं। रघुवर दास खुद कोल्हान क्षेत्र से आते हैं वही कोल्हान के बाकी तीन पूर्व मुख्यमंत्री मंच से नदारत दिखे। उन्होंने कहा कि मंच पर मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के चेहरे पर भी मायूसी देखी गई। विधानसभा गठन के लगभग एक महीने का वक्त गुजर जाने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी ने अपना विधायक दल का नेता नहीं चुना है इस पर भी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर देश की सर्वोच्च अदालत ने भी टिप्पणी करते हुए कहा है कि भाजपा को अपना विधायक दल का नेता चुन लेना चाहिए। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि विधायक दल का नेता बनने के लिए रांची के विधायक सीपी सिंह टकटकी लगाए हुए हैं वहीं प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी उम्मीद लगाए हैं कि मुख्यमंत्री ना सही तो कम से कम विधायक दल का नेता चुन लिया जाए। अब इस रेस में रघुवर दास भी शामिल हो गए हैं।

## जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत तीन के घर पुलिस ने चिपकाये इश्तेहार

**पलामू ।** पलामू जिले की सतबरवा पुलिस ने शुक्रवार को लातेहार जिले में लंबे समय से फरार चल रहे नक्सली संगठन जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत तीन के घर पर इश्तेहार चिपकाया। घर के अलावा सार्वजनिक जगह पर इश्तेहार लगाकर सभी को न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। उपस्थित नहीं होने पर कुर्की की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। सतबरवा पुलिस ने बालूमाथ थाना के बालू गांव में फरार उग्रवादी लवलेश जी उर्फ लवलेश गंझू के घर इश्तेहार चिपकाया। इसमें बालूमाथ पुलिस ने भी सहयोग किया। घर एवं सार्वजनिक स्थान पर इश्तेहार लगाते हुए पुलिस ने परिजन और आम लोगों से फरार उग्रवादी को जल्द कोर्ट में सरेंडर करने का निर्देश दिया। केस के अनुसंधानकर्ता सतबरवा के थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने शुक्रवार को बताया कि एक सितंबर को सतबरवा थाना में (कांड संख्या 92/23) आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। मामले में लवलेश जी उर्फ लवलेश गंझू के घर पर ढोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया गया। उन्होंने बताया कि आरोपित करीब डेढ़ वर्षों से फरार चल है। वहीं दूसरी ओर लातेहार के सदर प्रखंड के कोने गांव में पप्पू लोहरा तथा गोदना गांव में शिव सिंह उर्फ शिव जी के घर भी इश्तेहार चिपकाया गया। इनके खिलाफ भी सतबरवा थाना में मामला दर्ज था।



## दस अवैध कोयला खदानों की गई डोजरिंग, अवैध खदान संचालकों में हड़कंप

**हजारीबाग ।** हजारीबाग के बड़कागांव वनक्षेत्र अंतर्गत असनाटांड़, रावत पारा, के अलावा अन्य वन क्षेत्र में 10 अवैध कोयला खदानों को डोजरिंग की गई।इस दौरान 15 एचपी के एक मोटर जब्त करके वन कार्यालय लाया गया। मामले में अवैध कोयला खदान मालिकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।वन विभाग की कार्रवाई से अवैध कोयला माफिया तथा अवैध कोयला खदान संचालकों में हड़कंप मचा है।हजारीबाग पश्चिमी सहायक वन संरक्षक अविनाश कुमार परमार ने कहा कि अवैध कोयला खदान संचालकों के विरुद्ध निरंतर करवाई जारी है। मौके पर मुख्य रूप से एसीएफ अविनाश कुमार परमार, खनन विभाग के माइनिंग इंस्पेक्टर अजीत कुमार चौधरी,बड़कागांव रेंजर कमलेश कुमार सिंह, बड़कागांव पुलिस के पदाधिकारी व पुलिस जवान के सशस्त्र दल के अलावे बड़कागांव, चौपारण, बरही तथा सदर वन पदाधिकारी, वनरक्षी के अलावे समस्त वनकर्मी शामिल थे।

## चुट्टूपालू घाटी में एलपीजी गैस का टैंकर पलटा, जाम हुआ एनएच 33

**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिले के चुट्टूपालू घाटी में शुक्रवार को एलपीजी गैस का टैंकर पलट गया। इस हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पूरी तरीके से जाम हो गया है। गड़के मोड़ के पास एलपीजी गैस से लदा एक टैंकर अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया, जिससे रांची-पटना मुख्य मार्ग एनएच 33 का घाटी इलाका पूरी तरह जाम हो गया। एलपीजी गैस टैंकर पारादीप से काठमांडू जा रहा था।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची रामगढ़ पुलिस ने हाइड्रा और क्रेन के साथ-साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाकर एलपीजी गैस से भरे टैंकर को उठाने का प्रयास कर रही है। एलपीजी गैस टैंकर से कोई गैस लीक नहीं हुई और किसी तरह की कोई हानि नहीं हुई। गैस कंटेनर के चालक मो. शमशेर आलम ने बताया कि घाटी के ऊपर रुककर उसने चाय पी और फिर उसने टैंक को बाहर निकाला। घाटी में उसने देखा कि आगे एक ट्रेलर खराब हो गया है, उसने जैसे ही गाड़ी से पास लिया पीछे से रेलवे स्लैब लदे एक खुले ट्रेलर ने उसे साइड से जोरदार टक्कर मार दी और हजारीबाग की ओर भाग गया। इस टक्कर से वह अनियंत्रित हो गया? और डिवाइडर से टकराया और सड़क के बीचोंबीच पलट गया। टैंकर में ज्वलनशील पदार्थ एलपीजी गैस थी और उसे नेपाल के काठमांडू ले जाया जा रहा था। रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि घाटी क्षेत्र में एलपीजी गैस टैंकर के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद क्रेन हाइड्रा और फायर ब्रिगेड को बुलाकर टैंकर को उठाने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्घटना के कारण घाटी पूरी तरह से जाम हो गया है। किसी तरह वन वे को चालू किया जा रहा है। घटना की जानकारी वरीय अधिकारी को दे दी गई है?। जल्द ही गैस टैंकर को उठाकर यातायात सुचारू रूप से चालू कर दिया जाएगा।

## रांची में दिनदहाड़े फ्लैट का ताला तोड़कर नकदी सहित लाखों की चोरी

**रांची ।** शहर के कांके रोड के विद्यापति नगर स्थित ईश्वरी एन्क्लेव में दिनदहाड़े शुक्रवार को लाखों का चोरी का मामला प्रकाश आया है। फ्लैट के मालिक यशवंत सिंह के मुताबिक, घर में कोई नहीं था। दो लोग कार में आये और घर का ताला तोड़कर सात लाख रुपये नकदी और 25 लाख रुपये के आभूषण चोरी कर फरार हो गये। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। इस संबंध में यशवंत सिंह ने अज्ञात दो चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। डीएसपी संजीव बेसरा ने बताया कि वारदात की जांच-पड़ताल की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज मिला है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# सीपीएम का राज्य सम्मेलन कोयला और डीवीसी का निजीकरण के खिलाफ लिया

**संवाददाता**

**नामकुम /रांची ।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी 8 वां राज्य सम्मेलन के दूसरे दिन के प्रतिनिधि सत्र का उदघाटन डॉक्टर रामचंद्र डोम ने किया. राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने पिछले तीन वर्ष में पार्टी द्वारा की गयी राजनीतिक गतिविधियों और सांगठनिक स्थिति पर रिपोर्ट पेश की . जिस पर अब तक 21 जिलों से 52 प्रतिनिधियों ने चर्चा में भाग लिया. समाचार लिखे जाने तक सचिव के रिर्पोट पर चर्चा जारी थी. दिशा निर्देश के लिए पोलिट ब्यूरो सदस्य कॉमरेड बृन्दा करात सम्मेलन के पहले दिन से ही मौजूद हैं. सम्मेलन में दर्जनों प्रस्ताव पारित किए गए. जिसमें कोयला का निजीकरण और कोयला बेचने का अधिकार निजी कंपनियों को देने के खिलाफ, डीवीसी को चार भागों में बांटकर निजी कंपनियों को देने और





लाखों लोगों की जीविका छिनने के केन्द्र सरकार की जनविरोधी फैसले के विरोध में राज्यव्यापी संघर्ष करने साथ ही धार्मिक उन्माद और घुसपैठियों के मुद्दे को लेकर मुस्लिम अल्पसंख्यकों को टारगेट करने जैसे आरएसएस भाजपा की नफरती मुहिम के खिलाफ संघर्ष करने, कोडरमा एवं गिरिडीह में माईका उद्योग को जीवित करने के लिए सरकार अपनी नीति के अनुरूप कॉपरेटिव के माध्यम से मजदूरों से ढ़िबरा खरीद का काम अविलंब शुरू करें ताकि जीवन जीविका के लिए मजदूरों को रोजगार की गारंटी हो, झारखंड में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, हिंसा और बलात्कार के खिलाफ, अंधविश्वास के खिलाफ जन-जागरण अभियान चलाने, राज्य के भूमिहीन आदिवासी दलितों को जाति व आवासीय प्रमाण पत्र जारि करने, सीएनटी एसपीटी एक्ट के अंतर्गत आने वाले उद्यमियों को बैंक लोन की गारंटी करने, लैंड बैंक को समाप्त करने, गैर मजरूआ जमीन की रसीद निर्गत करने और अविलंब विस्थापन आयोग गठन करने का प्रस्ताव लिया गया. सम्मेलन में बिरसा मुंडा के वंशज को सम्मानित किया गया. 11 जनवरी को सम्मेलन के अंतिम दिन नई राज्य कमिटी, सचिवमंडल और राज्य सचिव का चुनाव किया जाएगा. सम्मेलन की अध्यक्षता सुखनाथ लोहरा, सुभाष हेम्ब्रम, रामकृष्ण पासवान, वीणा लिंडा, विश्वजीत देव, साबिर हुसैन की छह सदस्यीय अध्यक्षमंडल कर रही है. जबकि प्रस्ताव कमिटी में रामचंद्र ठाकुर, संजय पासवान और असीम सरकार शामिल हैं. जबकि प्रस्ताव कमिटी में रामचंद्र ठाकुर, संजय पासवान और असीम सरकार शामिल हैं ।

## डॉ. सी. जगनाथन बने एसबीयू के कुलपति



**रांची ।** डॉ. सी. जगनाथन को सरला बिरला विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। उन्होंने आज विवि के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक स्थित कुलपति कार्यालय में अपना पदभार संभाला। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित रहे। डॉ. जगनाथन ने स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई मदुरै कामराज यूनिवर्सिटी से की है। बाद में उन्होंने नीदरलैंड्स से जियोइनफॉर्मेटिक्स में मास्टर्स और फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, देहरादून से पीएचडी की पढ़ाई की। वे इसरो में वैज्ञानिक सहायक/वैज्ञानिक पद पर कार्य करने के अलावा यूके के साउथैंपटन विश्वविद्यालय में वरिष्ठ रिसर्चर के तौर पर भी काम कर चुके हैं। अध्यापन और शोध के क्षेत्र में उनका तीन दशकों का लंबा अनुभव रहा है। इस दौरान उनके एक सौ पचास से ज्यादा रिसर्च पेपर और पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कारों से भी नवाजा जा चुका है। एसबीयू में पदभार ग्रहण करने से पूर्व वे बीआईटी, मेसरा के डिपार्टमेंट ऑफ रिमोट सेंसिंग में प्रोफेसर, एचओडी एवं डीन (रिसर्च, इनोवेशन एवं एंट्रेप्रेन्योरशिप) जैसे पदों पर रहे। देश-विदेश के कई फंडेड रिसर्च प्रोजेक्ट में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। डॉ. जगनाथन की नियुक्ति पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति माननीय श्री बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक एवं माननीय सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने उन्हें शुभकामनाएं दी और बधाई संदेश प्रेषित किया है।

## परीक्षा पे चर्चा से पूर्व होगी आर्ट एंड ड्राइंग प्रतियोगिता राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

**रांची ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रत्येक वर्ष परीक्षा से पूर्व परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम किया जाता है। ताकि विद्यार्थी तनाव मुक्त माहौल में अपनी परीक्षाएं दे सकें। परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मना सके। इस कार्यक्रम को लेकर परीक्षा पे चर्चा से पूर्व पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा किया जा रहा है। शनिवार 11 जनवरी को सुबह नौ बजे से यह प्रतियोगिता टेंडर हर्ट स्कूल में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में रांची के दो दर्जन स्कूलों के हजारों विद्यार्थी शामिल होंगे। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।इस संबंध में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि बच्चों को तनावमुक्त और उत्सवपूर्ण माहौल मिल सके, इस उद्देश्य के साथ यह पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रांची के विभिन्न विद्यालयों से हजारों की संख्या में 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थी भाग लेंगे।इस बाबत रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में बच्चे परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम बच्चों के जीवन को नई दिशा प्रदान कर रहा है और परीक्षा में शामिल होने को लेकर उन्हें उत्साहित कर रहा है। बच्चों के लिए परीक्षा बोझ नहीं बने, इस उद्देश्य के साथ यह आयोजन हो रहा है; जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद सभी बच्चों से संवाद करते हैं। शिक्षकों से संवाद करते हैं। अभिभावकों से संवाद करते हैं। परीक्षाओं में बच्चों से ज्यादा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अभिभावकों और शिक्षकों की है कि वह बच्चों को परीक्षा के बोझ से दबाएं नहीं।

## केन्द्रीय कोयला मंत्री ने 5जी यूज केस टेस्ट लैब का उद्घाटन किया



**रांची ।संताल एक्सप्रेस।** केन्द्रीय कोयला एवं बाल मंत्री भारत सरकार श्री जी किशन रेड्डी ने आज सीएमपीडीआई में 5जी यूज केस टेस्ट लैब का उद्घाटन किया। अत्याधुनिक सुविधा से लैस इस लैब कर उ?द्देश्य कोयला क्षेत्र के डिजिटल परिवर्तन और तकनीकी परिदृश्य को आगे बढाना है। 5जी यूज केस टेस्ट मैष कोयला उद्?योग की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किए गए विभिन्न 5 जी आधारित अनुप्रयोगों के विकास परीक्षण और अनुकूलन के लिए एक परीक्षण स्थल के रूप में सर्य करता है। कौयला मवालय ने 5जी तकनीक का प्रभावी ढंग से लाभ उशाने के लिए कोयला उद्??योग के लिए 5जी मूल केश टेस्ट लैब की स्थापना के लिए सीएमपीडीआई को अत्कृष्टता केन्द्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेस-सीजीई) के रूप में नामित किया है। मौके पर श्री रेड्डी ने एसपीडीआई की सराहना की और कहा कि सीएमपीडीआई हमेशा नवाचार में अग्रणी रहा है। निरंतर अनुसंधान और विकास के माध्यम से सीएमपीडीआई खनन को अधिक सुरक्षित, कुशलतापूर्ण और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ बन्ध रहा है। कमी सेंटर ऑफ एक्सीलेस लैब की स्थापना बनन क्षेत्र की उभरती पुनौतियों का सामना करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकी कर साम उठाने में सीएमपीडीआई के नेतृत्व की और मजबूत करती है। इस अवसर पर सचिव (कोयला) श्री विक्रम देव दत्त ।

## वित्त मंत्री के निर्देश पर अधिकारियों ने की आउटसोर्सिंग कंपनी बालाजी की जांच

**संवाददाता**



**पलामू ।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के निर्देश पर एमआरएमसीएच की आउटसोर्सिंग कंपनी बालाजी की जांच शुरू कर दी गयी है। जिले के उपायुक्त के द्वारा जांच के लिए डीडीसी, एसडीएम, एनडीसी, श्रम अधीक्षक की कमिटी गठित की है। जांच टीम में शामिल डीडीसी शब्बीर अहमद, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, श्रम अधीक्षक ऐतवारी महतो, एनडीसी ने शुक्रवार को एमआरएमसीएच का निरीक्षण किया। इस क्रम में बाला जी के सफाईकर्मियों से जहां बातचीत की गयी, वहीं उनके स्टोर का भी विजिट किया गया। अधिकारियों की जांच में आज कुल 65 सफाईकर्मियों के विरूद्ध 41 की उपस्थिति पाई गई। यह भी पता चला कि वित्त मंत्री के एमआरएमसीएच निरीक्षण के बाद उनसे नौ घंटे की सेवा ली जा रही है, जिसमें एक घंटा विश्राम दिया जाता है। पहले छह घंटे काम लिया जाता था। कर्मियों से मानदेय सहित अन्य मामले में भी बातचीत की गयी। श्रम अधीक्षक ने कहा कि नौ घंटे की डयूटी में एक घंटे विश्राम देकर नियमानुसार अकुशल मजदूर को 463 रूपए मिलने चाहिए। मंत्री के निरीक्षण के बाद से सफाईकर्मियों को इतनी राशि दी जा रही है। अधिकारियों की टीम ने उपस्थिति के साथ साथ ड्रेस में कौन कौन आए हैं आदि की भी जानकारी ली। पूरी रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जायेगी और फिर आगे की कार्रवाई की जायेगी मौके पर जिले के सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार, सुपरीटेंडेंट डा. धर्मेन्द्र कुमार, बाला जी के सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पिछले दिनों एमआरएमसीएच के निरीक्षण के दौरान पुलिस चौकी उदघाटन के मौके पर कहा था कि एमआरएमसीएच की आउटसोर्सिंग कंपनी बालाजी सरकार के साथ किए गए एग्रीमेंट के अनुसार कार्य नहीं कर रही है। 300 बेड वाले अस्पताल एमआरएमसीएच में 135 सफाईकर्मियों को लगाना है, लेकिन किसी दिन कंपनी निर्धारित आंकड़े के अनुसार कर्मियों को नहीं लगायी। इस कारण अस्पताल में गंदगी का अंबार लगा रहता है।

## जम्मू तवी स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के कारण ट्रेनों का विनियमन

**देवघर।** जम्मू तवी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के तहत यार्ड रीमॉडलिंग के लिए प्री नॉन-इंटरलॉकिंग और इंटरलॉकिंग कार्य 15 जनवरी 2025 से 6 मार्च 2025 तक किया जाएगा। इस कारण ट्रेनों को रद्द या विनियमित किया गया है। रद्द की गई ट्रेनें में 22317 सियालदह - जम्मू तवी हमसफर एक्सप्रेस, यात्राः 24 फरवरी 2025 और 3 मार्च 2025 रद्द की गई है। 22318 जम्मू तवी - सियालदह हमसफर एक्सप्रेस, यात्रा- 26 फरवरी 2025 और 5 मार्च 2025, 13151 कोलकाता - जम्मू तवी एक्सप्रेस, यात्रा- 1 मार्च 2025 से 4 मार्च 2025,13152 जम्मू तवी - कोलकाता

## ब्राउन शुगर के कारोबार का सरगना दो साथियों संग गिरफ्तार

**रांची ।** ब्राउन शुगर के कारोबार के सरगना कन्हैया कुमार सहित तीन तस्करों को रांची की सुखदेव नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 11.48 ग्राम ब्राउन शुगर, चार मोबाईल फोन, बाइक और दो हजार 300 रुपये नकदी बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि विद्यानगर स्थित बड़ा मैदान के पास ब्राउन शुगर का मुख्य सरगना कन्हैया कुमार और उसके साथी खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी कर सरगना सहित तीन को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में अरगोड़ा निवासी कन्हैया कुमार, हिमांशु ठाकुर और राकेश कुमार शामिल हैं।

# देवघर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई 10 बड़े बकायदारों का खाता फ्रीज़

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



**देवघर।** नगर निगम के प्रशासक के आदेशानुसार आज, दिनांक 10 जनवरी 2025 को, 10 बड़े बकायदारों के खातों को फ्रीज़ कर दिया गया। यह कार्रवाई नगरपालिका अधिनियम 2011 के प्रावधानों के तहत की गई।

बकायदारों की सूची इस प्रकार है- दानीलाल मरांडी -4,00,480 दिलीप कुमार सिंह -3,70,266 मनोज कुमार पोद्दार -3,41,181 सचिन मिश्रा -1,58,485 पातो देवी -1,51,218 पिंकी रानी -1,20,346 हरीश शेखर -1,09,921अस्तमा देवी -98,108 अनिल कुमार बलियासे,95,975 शिवानंद झा -90,224 शामिल हैं। नगर निगम ने यह भी कहा कि आगे भी बड़े बकायदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निगम ने सभी होल्डिंग धारकों से अपील की है कि वे अपना होल्डिंग टैक्स समय पर जमा करें और जुर्माने से बचें। निगम ने यह कदम शहर के वित्तीय अनुशासन को बनाए रखने और टैक्स के माध्यम से विकास कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए उठाया गया है।

## नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज

**देवघर।** जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़ित ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि उनकी बेटी जो अपनी नानी के घर में रह रही थी, को दिनांक 23 दिसंबर को अभियुक्त ललिता देवी, लक्ष्मी कुमारी और संतोष राय (ग्राम शिवनगर) ने शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर भगा लिया। मोहनपुर थाना ने इस मामले में कांड संख्या 09/25 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 137(2) में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और जल्द ही कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, दुमका।

संयुक्त कृषि भवन खूँटाबाँध, दुमका–814101

(Email ID- daodumka69@gmail.com)

### कार्यालय में उपस्थित होने संबंधी सूचना

श्री ओम प्रकाश चौधरी, सेवा निवृत जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कृशि कार्यालय, दुमका को सूचित किया जाता है कि आपके पेंशन, उपादान, उपार्जित अवकाश के समतुल्य राशि आदि के संबंध में दायर की गई वाद के निश्पादन हेतु इस कार्यालय का पत्रांक 1207 दिनांक 25.10.2024, पत्रांक 1062 दिनांक 21.11.2024 एवं पत्रांक 1208 दिनांक 31.12.2024 के द्वारा आपको कई बार निबंधित पत्र एवं दूरभाश द्वारा भी सूचित किया गया है। लेकिन आप इस कार्यालय में दिनांक 08.01.2025 तक उपस्थित नहीं हुए हैं, जो अत्यन्त खेदजनक है। ज्ञात्वय हो कि सरकार के अवर सचिव कृशि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड, राँची के पत्रांक 2734 दिनांक 17.12.2024 जिसकी प्रति आपको भी प्रेशित है। तदनुसार उपरोक्त विभागीय पत्र के अनुपालन एवं कंडिका 01, 02, 04, 05 के निश्पादनार्थ आपका इस कार्यालय में उपस्थित होना अत्यावश्यक है।

दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 20.01.2025 तक कार्यालय के कार्य दिवसों में उपस्थित होकर विभागीय कंडिकाओं एवं पेंशन त्रुटियों के निराकरण करने में सहयोग करेंगें ताकि आपके बकाया इत्यादि कार्यों का निश्पादन हो सके। ससमय उपस्थित नहीं होने पर इस आशय की सूचना विभाग को दे दी जायेगी। ह0/–

जिला कृषि पदाधिकारी,
दुमका।

PR 343962 Agriculture(24-25)D

# खरमास के बाद चलेगा ऑपरेशन इरफान, झारखंड में आएगी स्वास्थ्य क्रांति : स्वास्थ्य मंत्री

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



**मधुपुर।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति और आपदा प्रबंधन मंत्री तथा जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी शुक्रवार को अपने मधुपुर स्थित खलासी मोहल्ला के पैतृक आवास पर पहुंचे। वहां से जामताड़ा के लिए रवाना होते समय उन्होंने कुंडो बंगला मोड़ पर अपने पुराने मित्रों के साथ मुलाकात की। पुरानी यादों को ताजा करते हुए उन्होंने कहा, ÷बीते पलों की बातों में जो सुकून है, वो किसी और चीज में नहीं।÷ मंत्री इरफान अंसारी ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए बड़े जोश के साथ घोषणा की, ÷खरमास के बाद झारखंड में ऑपरेशन इरफान शुरू होगा।÷ उन्होंने बताया कि झारखंड के सरकारी और निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने दृढ़ता से कहा, ÷जहां भी अव्यवस्थाएं मिलेंगी, वहां तत्काल सख्त कार्रवाई होगी।÷ उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में व्यापक बदलाव का वादा करते हुए कहा, अब आयुष्मान योजना में केवल वे अस्पताल जुड़े रहेंगे, जिनकी क्षमता 50 बेड या उससे अधिक होगी। फर्जीवाड़े पर अब पूरी तरह रोक लगेगी।÷ खाद्य आपूर्ति विभाग को लेकर उन्होंने आश्वासन दिया कि नई नीतियों से किसानों को अधिक लाभ मिलेगा।

साथ ही, आपदा प्रबंधन विभाग पर बोलते हुए उन्होंने कहा, ÷फंड की कमी झारखंड में बड़ी समस्या है। मैं दिल्ली जाकर केंद्रीय मंत्री और अधिकारियों से अधिक फंड की मांग करूंगा ताकि आपदा के समय पीड़ितों को बेहतर मुआवजा मिल सके।÷मंत्री इरफान अंसारी के इस कार्यक्रम में सुभाष सिंह, छोटू यादव, कन्हैयालाल कन्नू, अरूप गांगुली और प्रिंस समद सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। यह बयान मंत्री इरफान अंसारी की झारखंड के लिए सुधार और क्रांतिकारी कदमों का संकेत देता है, जिससे राज्य के लोग एक बेहतर स्वास्थ्य, आपूर्ति और आपदा प्रबंधन प्रणाली की उम्मीद कर सकते हैं।

# संविधान रक्षक अभियान को लेकर जिला कांग्रेस कमिटी ने की बैठक



संवाददाता

**देवघर।** जिला कांग्रेस कमिटी की एक बैठक कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक मुख्य रूप से राष्ट्रव्यापी संविधान रक्षक अभियान तहत ÷जय बापू,जय भीम,जय संविधान अभियान÷ को सफल बनाने तथा अन्य मुद्दों को लेकर किया गया। बैठक में निर्धारित कार्यक्रम को लेकर आवश्यक रणनीति बनाई गई। जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने बैठक में उपस्थित नेताओं, पदाधिकारियों,अग्रणी मोर्चा संगठन विभाग तथा प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों, प्रखंड,नगर तथा मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान कार्यक्रम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, डॉ भीमराव अम्बेडकर जी और हमारे संविधान में निहित मूल्यों की विरासत को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने के लिए पूरे देश में की जा रही है। यह कार्यक्रम देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक संवेदना के तहत विराम दिया गया था। अब यह 3 जनवरी से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के 75 वां वर्षगांठ तक चलेगी।

## राजकीय जनजातीय हिजला मेला समिति, दुमका
## अनुमंडल कार्यालय, दुमका

### अल्पकालीन निविदा पैकेज–2

राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव 2025 के अवसर पर हिजला मेला परिसर में पंची/पगडी/टी शर्ट/टोपी/अल्पाहार/भोजन एवं स्टेशनरी आवश्यकतानुसार अन्य सामग्री आदि मेला अवधि के लिए व्यवस्था के निमित्त एक मुश्त दर निर्धारण के लिए द्विलिफाफा प्रणाली के आधार पर अनुमंडल कार्यालय, दुमका में दिनांक 20.01.2025 के अप0 02:00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 24.01.2025 को अप0 03:30 बजे अनुमंडल पदाधिकारी– सह–सचिव, राजकीय जनजातीय हिजला मेला समिति, दुमका के कार्यालय कक्ष में गठित निविदा निस्तारण समिति के समक्ष खोली जाएगी।

सामग्री/कार्य की विवरणी एवं दर आमंत्रण प्रपत्र :

| क्र0 | सामग्री/कार्य | दर की इकाई | प्रस्तावित दर (रूपये में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रिण्टेड टी शर्ट | प्रतिपीस | | |
| 2. | पगड़ी | प्रतिपीस | | |
| 3. | पंची | प्रतिपीस | | |
| 4. | टोपी प्रिण्टेड | प्रतिपीस | | |
| 5. | पीने का पानी | प्रति पेटी आधा लीटर | | |
| 6. | चाय/बिस्कुट | प्रति कप/02 बिस्कुट गुड डे | | |
| 7. | रीबन (फिता) | प्रति मीटर | | |
| 8. | सेन्डो गंजी | प्रति पीस | | |
| 9. | ग्लुकॉन डी | प्रति 100 ग्राम पैकेट में। | | |
| 10. | तीरंदाजी टारगेट फेस | प्रति पीस | | |
| 11. | प्लाई वुड | प्रति पीस | | |
| 12. | झोला | प्रति पीस | | |
| 13. | गंजीबांह वाला | प्रति पीस | | |
| 14. | गमछा | प्रति पीस | | |
| 15. | बैच (वीआईपी एवं जनरल) | प्रति पीस | | |
| 16. | कांसा थाली | प्रति किलो प्रति पीस | | |
| 17. | कांसा बाटी | प्रति किलो प्रति पीस | | |
| 18. | कांसा लोटा | प्रति किलो प्रति पीस | | |
| 19. | स्वंय सेवक का टीशर्ट | प्रति पीस (प्रिटेड) | | |
| 20. | धोती | प्रति पीस | | |
| 21. | तौलिया | प्रति पीस | | |
| 22. | गमछा (सादा छपाई वाला)– | प्रति पीस | | |
| 23. | रजीस्टर 8 नं0 | प्रति पीस | | |
| 24. | रजीस्टर 6 नं0 | प्रति पीस | | |
| 25. | रजीस्टर 4 नं0 | प्रति पीस | | |
| 26. | लिफफा ए 4 साईज | प्रति पीस | | |
| 27. | बॉल पैन | प्रति पीस | | |
| 28. | स्मृति चिन्ह राजकीय जनजातीय हिजला मेला–2025 | प्रति पीस | | |
| 29. | शॉल अच्छा वाला | प्रति पीस | | |
| 30. | कपड़ा साफ करने का साबुन | प्रति पीस | | |
| 31. | कलम 400 रू0 वाला | प्रति पीस गिफट पैकेट के साथ पार्कर पेन | | |
| 32. | लिफाफा (बडा पीला) | प्रति पीस | | |
| 33. | वी0आई0पी0 अल्पाहार | प्रति पैकेट (काजू, किसमिश, पिस्ता मिठा (रसकदम, काजू बर्फी) बिस्कुट(बर्बन) | | |
| 34. | सामान्य अल्पाहार | 1. कचौडी 01 पीस 2. मीठा( काला एवं सादा)10 रू0 वाला 3. मुग दाल 01 पीस 05 रू0 | | |
| 35. | भोजन (भेज/ननभेज)प्रति प्लेट। | प्रति प्लेट | | |

उपरोक्त क्रमांक 01 से 35 तक के कार्यो/सामग्री का एकमुश्त दर निर्धारण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

अनुमंडल पदाधिकारी –सह–सचिव
राजकीय जनजातीय हिजला मेला समिति, दुमका।

PR.NO.343997 District(24-25):D

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कक्षा 6 में नामांकन के लिए आवेदन शुरू

**देवघर संताल एक्सप्रेस।** मोहनपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025- 26 के लिए कुल 75 बच्चियों का नामांकन लिया जाएगा। इसको लेकर आवेदन की प्रक्रिया 10 जनवरी से 31 जनवरी तक विद्यालय में लिया जाएगा। शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए विद्यालय के वार्डन स्वाति सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नए सत्र में 75 छात्राओं का नामांकन कक्षा 6 में होगा। इसको लेकर विद्यालय प्रबंधन ने कोटिवार रिक्तियां की सूची स्कूल के सूचना बोर्ड पर लगा दी है। वहीं नामांकन के लिए आवासीय व जाति प्रमाण पत्र के अलावा नामांकन हेतु अनुशंसा पत्र ,आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ पंचायत सेवक से सत्यापित बीपीएल सूची एवं कागजात जरूरी है। आगे उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में अनाथ, एकल अभिभावक, ट्रैफिकिंग से ग्रसित बालिका एवं सुदूरवर्ती या दुर्गम क्षेत्र में निवास करने वाले काउंसलिंग के आधार पर नामांकित के लिए चयनित छात्राओं की सूची तैयार की जाएगी। ताकि उन्हें शैक्षणिक योग्यता स्पष्ट हो सके। उसके बाद ही नामांकन की प्राथमिकता दी जाएगी। जब कि एसटी 6, एससी 8,ओबीसी 36, अल्पसंख्यक कोटे से 7 ,सामान व बीपीएल सूची में 18 बालिका का नामांकन होगा।

## सड़क हादसों में तीन घायल, भर्ती

**देवघर।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में रंजीत टुडू (लदवारा थाना, चकाई, जिला जमुई, बिहार), दीपू मोदी (ताराबाद थाना, रिखिया), और शंकर ठाकुर (चांदन, जिला बांका, बिहार) शामिल हैं। पुलिस ने घटनाओं की जांच शुरू कर दी है और हादसों के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। घायलों की स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## देवघर में आपसी विवाद के चलते युवक घायल

**देवघर।** कुंडा थाना क्षेत्र के कासीडीह गांव में एक युवक को आपसी विवाद के कारण गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल मोहन वर्मा का इलाज सदर अस्पताल में किया गया, जहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। पीड़ित मोहन वर्मा ने बताया कि वह अपने घर के पास दीवार का निर्माण करा रहा था, तभी उसके पड़ोसी ने उसे काम करने से रोक दिया। जब मोहन ने इसका कारण पूछा, तो पड़ोसी ने धारदार हथियार से सिर पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में मोहन ने थाने पहुंचकर घटना की सूचना दी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश जारी है।

## पारिवारिक विवाद में महिला ने दर्ज कराया मामला

**देवघर।** जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवाडीह भेड़वा में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। वादिनी अनार देवी (42 वर्ष) ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि 6 जनवरी 2025 को अभियुक्त अक्षय दास, विष्णु दास और ललिता देवी ने उनके पति अशोक कुमार के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। जब वादिनी बीच-बचाव करने पहुंची, तो अभियुक्तों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मधुपुर थाना प्रभारी ने का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## इंटक एवं महिला कांग्रेस द्वारा कंबल वितरण



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** मोहनपुर प्रखंड स्थित प्रखंड कार्यालय के सामने देवघर जिला इंटक के अध्यक्ष अनंत मिश्रा, झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार,देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रमिला देवी एवं मोहनपुर प्रखंड इंटक के प्रखंड अध्यक्ष अजयकांत ठाकुर द्वारा सुमित्रा देवी,संजय कुमार रजक,हीरा देवी,हुरबा देवी, देवनाथ सिंह,चंपा देवी,जगदंबा देवी, द्रौपदी देवी,जागो देवी, सुमित्रा देवी,हेमा देवी,झरनी देवी, रधिया देवी, राम लखन राय शकुंतला देवी,रानो देवी,सुनैना देवी,रूकमणि देवी,रामी देवी,राघव सिंह,पप्पू यादव,मुकेश मंडल,पूरन तुरी,अनठावन मिर्धा,कौशल्या देवी, पुरनी देवी,गोपी कोल,नून बतिया देवी,माधोकोल,रीता कोल,राबड़ी देवी,चिंता देवी, रीना देवी,बुधन मंडल के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में मोहनपुर प्रखंड महिला कांग्रेस की अध्यक्ष निर्मला देवी,कांग्रेस नेत्री पूजा देवी,जिला इंटक के सचिव अभिषेक सिंह,कांग्रेस नेता गंगाधर रजक, संजय झा,शैलेश कुमार मिश्रा, राजेश झा,सुधा देवी,सुनील सिंह सहित कई और लोग उपस्थित थे।कंबल वितरण कार्यक्रम के पूर्व अजयकांत ठाकुर को देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा द्वारा मोहनपुर प्रखंड इंटक का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों ने इंटक का प्रखंड अध्यक्ष बनने पर अजय कांत ठाकुर को बधाई दी।

# प्रवासी श्रमिक ऑनलाइन निबंधन कराकर ही बाहर कार्य करने जाएं : संजय प्रसाद यादव

## श्रमिक कल्याण के लिए जागरूकता रथ रवाना

संवाददाता




**देवघर।** श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव, देवघर विधायक सुरेश पासवान और डीसी विशाल सागर ने आज, 10 जनवरी को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से श्रम विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक श्रमिक इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। श्रमिकों के लिए सुरक्षा किट और सहायता राशि मंत्री संजय प्रसाद यादव ने श्रम विभाग की निर्माण श्रमिक सेफ्टी किट योजना के तहत श्रमिकों को 1,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की। इसके साथ ही गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल भी वितरित किए गए।

मौके पर मंत्री ने जिले के प्रवासी श्रमिकों से अपील की कि वे अपना ऑनलाइन निबंधन कराकर ही बाहर कार्य करने जाएं। उन्होंने श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए निबंधन प्रक्रिया को अनिवार्य बताया। श्रमिक प्रज्ञा केंद्र या श्रमाधान पोर्टल के माध्यम से निःशुल्क निबंधन करा सकते हैं। उक्त मौके पर उप विकास आयुक्त नवीन कुमार, अपर समाहर्ता हीरा कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती,श्रम अधीक्षक विनीत कुमार सिंह, गोपनीय शाखा प्रभारी मुकेश कुमार,सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय पाकुड़

### PM Apprenticeship Mela से संबंधित सूचना

निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड राँची के पत्रांक–सं0स0–05/प्रशि0 (शिक्षु)–01/2024–16 राँची, दिनांकः– **07.01.2025** के द्वारा MSDE भारत सरकार एवं श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में ***"Apprentices Act 1961"*** के अन्तर्गत योजना का लाभ अधिकाधिक प्रतिश्ठानों/उपक्रमों/छात्रों एवं प्रशिक्षणार्थियों को प्रदान करने हेतु दिनांकः–**13.01.2025** को पाकुड जिला अन्तर्गत सरकारी आई0 टी0 आई0 कॉलेज, पाकुड़ परिसर में ***PM Apprenticeship Mela (PMNAM)*** आयोजित की जा रही हैं, जिसमें *MSME/ Manufacture Sector/ Service Sector* एवं अन्य सभी प्रकार के प्रतिश्ठान यथा होटल/ रेस्टोरेंट/ शॉपिंग मॉल/हॉस्पिटल/ कोचिंग सेन्टर/ ऑथोराईज्ड सर्विस सेन्टर/ बैंक इत्यादि तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0)/ डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/ *Short Term Skill etc.*) एवं गैर तकनीकी छात्रों 5वीं से स्नातक आदि का अप्रेन्टिशिप पोर्टल (***www.apprenticeshipindia.gov.in***) पर पंजीकरण कराया जायेगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिश्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसों का चयन किया जायेगा।

अतः उपर्युक्त प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों एवं योग्य छात्रों/प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0/डिप्लोमा/इंजीनियरिंग/Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों 5वीं से स्नातक आदि से अनुरोध किया जाता है कि ***"Apprentices Act 1961"*** के अनुपालन में ***www.apprenticeshipindia.gov.in*** पर Apprenticeship Mela Page पर जाकर *Trade/ Establishment* में अपना रजिस्ट्रेशन करते हुए दिनांक :– 13.01.2025 को पूर्वाहन् 10:00 बजे सरकारी आई0 टी0 आई0 कॉलेज परिसर पाकुड़ में आयोजित मेला में भाग लेकर लाभ उठावें।

अधिक जानकारी के लिए जिला नियोजनालय, पाकुड़ में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

सहायक शिक्षु सलाहकार (AAA)
जिला नियोजनलय पाकुड

PR 343976 (Labour Employment and Traning)24-25*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गोड्डा

### ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

**e-Tender Reference No.- DMFT/MID/GODDA/ F2-17 2nd Call/2024-25 Date-10/01/2025**

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गोड्डा।
2. वेवसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि : 18.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 01.02.2025 अपराहन 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान : 03.02.2025 अपराहन 05:00 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई, प्रमंडल, गोड्डा।

| ग्रुप सं0 | कार्य का मद | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | DMFT | जामकुदर एवं देवडांड़ के बीच जोरिया में पुलिया निर्माण। पार्ट–01 | पोड़ैयाहाट | 43,64,800.00 | 88,000.00 | 5,000.00 | 06 माह |

नोटः–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा। जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची से पंजीकृत संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
5- Work performance :- पूर्व से आवंटित कार्य 90 प्रतिशत से अधिक पूर्ण नहीं रहने तथा समानुपातिक प्रगति नहीं पाये जाने पर अन्य कार्यो में डाली गई निविदा विचारणीय नहीं होगा।
6. विस्तृत जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर लॉग आन करें।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, गोड्डा
Mob.- 9939708923

PR 343999 (Minor Irrigation)24-25*D

## राजकीय जनजातीय हिजला मेला समिति, दुमका
## अनुमंडल कार्यालय, दुमका

### अल्पकालीन निविदा
### पैकेज –1

राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव 2025 के अवसर पर हिजला मेला परिसर में टेंट, पंडाल, लाईट, साउण्ड, जेनरेटर एवं अन्य सामग्री आदि मेला अवधि के लिए व्यवस्था के निमित्त एक मुश्त दर निर्धारण के लिए द्विलिफाफा प्रणाली के आधार पर अनुमंडल कार्यालय, दुमका में दिनांक 20.01.2025 के अप0 02:00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 24.01.2025 को अप0 03:30 बजे अनुमंडल पदाधिकारी–सह–सचिव, राजकीय जनजातीय हिजला मेला समिति, दुमका के कार्यालय कक्ष में गठित निविदा निस्तारण समिति के समक्ष खोली जाएगी।

सामग्री/कार्य की विवरणी एवं दर आमंत्रण प्रपत्र :

| क्र0 | सामग्री/कार्य | दर की इकाई | प्रस्तावित दर (रूपये में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | a.जेनरेटर (05 के0भी0) | प्रतिदिन प्रतिघंटा डीजल मोबिल के साथ | | |
| | b.जेनरेटर (10 के0भी0) | प्रतिदिन प्रतिघंटा डीजल मोबिल के साथ | | |
| 2. | वाटर प्रुफ पंडाल | प्रति वर्ग फीट | | |
| 3. | नन वाटर प्रुफ पंडाल | प्रति वर्ग फीट | | |
| 4. | टेबुल | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 5. | बॉहवाली कुर्सी | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 6. | बिना बॉहवाली कुर्सी | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 7. | गददा साईज 4'× 6½ | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 8. | जाजीम | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 9. | दरी(बड़ावाला) | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 10. | दरी(छोटावाला) | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 11. | मसलन/तकिया | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 12. | स्टेज पर्दा | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 13. | शामियाना | प्रति वर्गफीट | | |
| 14. | कनात | प्रति वर्गफीट | | |
| 15. | बेरिकेटिंग निर्माण | प्रति रनिंग फीट | | |
| 16. | ट्यूब लाईट(खुटॉ सहित) | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 17. | एल0ई0डी0 बल्ब (खुंटा सहित) | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 18. | एल0ई0डी0 बल्ब (बिना खुंटावाला) | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 19. | मेटल लाईट (400 W) | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 20. | झालर (प्रतिपीस 20फीटवाला) | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 21. | हैलोजन लाईट (1000 W ) | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 22. | पटटा लाईट | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 23. | विशेष लाईट व्यवस्था | आरकेस्ट्रा सिस्टम के साथ/ कलर लाईट कम्बीनेशन के साथ। बाहरी एवं भीतरी कला मंच में स्टेज लाईट के साथ एवं डीपर लाईट सहित) | | |
| 24. | साउंड सिस्टम | (पूरे मेला अवधि का एक मुस्त दर) | | |
| 25. | रौलेक्स | प्रति वर्गफीट | | |
| 26. | चौकी | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 27. | पोल एल0ई0डी0 लाईट | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 28. | गमला डेकारेटिंग फूल के साथ | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 29. | कारपेट | प्रति रनिंग फीट | | |
| 30. | सिलिंग | प्रति वर्गफीट | | |
| 31. | वालिंग | प्रति वर्गफीट | | |
| 32. | तारपोलिन तिरपाल | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 33. | काउण्टर | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 34. | भी0आई0पी0 चेयर | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 35. | वुडेन टेबुल | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 36. | थ्री सीटर सोफा | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 37. | सेंटर टेबुल ग्लास | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 38. | भी0आई0पी0 कंबंल | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 39. | पार्क लाईट | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 40. | स्टेज | प्रति वर्गफीट | | |
| 41. | आयरन बेरिकंटिग | प्रति वर्गफीट | | |
| 42. | रेम्प | प्रति वर्गफीट | | |
| 43. | लेडर सोफा सिंगल | प्रति वर्गफीट | | |
| 44 | सीढी | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 45 | स्थाई गेट | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 46 | ड्रॉप गेट | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |
| 47 | तौलिया बड़ा साईज | प्रतिदिन प्रतिपीस | | |

उपरोक्त क्रमांक 01 से 47 तक के कार्यो/सामग्री का एकमुश्त दर निर्धारण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

अनुमंडल पदाधिकारी
–सह–सचिव राजकीय जनजातीय हिजला मेला समिति, दुमका।

PR 343995 District(24-25)D

# पोड़ैयाहाट रेलवे स्टेशन पर लाइफ लाइन एक्सप्रेस का हुआ विधिवत उद्घाटन



**गोड्डा ।** इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में तथा जिला प्रशासन के सहयोग से शुक्रवार को पोड़ैयाहाट रेलवे स्टेशन पर अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधा से लैस ÷लाइफ लाइन एक्सप्रेस÷ ट्रेन का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा किया गया। उपायुक्त ने बताया कि जिले में यह आयोजन इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के द्वारा ÷लाइफलाइन एक्सप्रेस÷ के माध्यम से विभिन्न प्रकार के रोगों के ओपीडी जांच व सर्जरी की अत्याधुनिक व निःशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही है। 25 जनवरी तक आयोजित निःशुल्क चिकित्सा सुविधा कार्यक्रम के अंतर्गत नाक, कान, गला संबंधी रोगों की ओपीडी जांच एवं सर्जरी, बहरेपन की जांच, निःशुल्क श्रवण यंत्र का वितरण, आंख के रोगों की जांच, अंधेपन की जांच, मोतियाबिंद की जांच एवं सर्जरी, दृष्टि दोष की जांच, निःशुल्क चश्मे का वितरण, प्लास्टिक सर्जरी ओपीडी, जले के निशान और कटे फटे होंठ (ष्यद्द्धह्ल द्यद्बश्चह्य) , शिशु के हड्डी रोगों की जांच एवं जन्मजात अस्थि विकारों की जांच, दांत के विकारों की जांच, सर्वाइकल , ग्रीवा एवं स्तन कैंसर की जांच एवं परीक्षण की जाएगी। जिले के आम नागरिकों से अपील की गई कि ÷लाइफलाइन एक्सप्रेस÷ के माध्यम से विभिन्न प्रकार के रोगों के लिए दिए जाने वाले निःशुल्क चिकित्सकीय जांच एवं सर्जरी सुविधाओं का अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाएं क्योंकि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा ईलाज किया जा रहा है। इस अवसर पर डिविजनल फॉरेस्ट ऑफीसर पवन वाघ ,अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव सिविल सर्जन डॉ0 अनंत कुमार झा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उपसमाहर्ता श्रवण राम, नगर प्रशासक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी ,पोड़ैयाहाट फुलेश्वर मुर्मू, इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन से रागिनी वी चौग्ले, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पोड़ैयाहाट डॉ0 रमेश कुमार, स्वास्थ्य विभाग एवं इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के कर्मीगण मौजूद रहे।

## मां चंचला महोत्सव की तैयारी जोरों पर, कार्य योजना पर हुई विचार विमर्श

**जामताड़ा ।** मां चंचला मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को माँ चंचला वार्षिक महोत्सव की तैयारियों को लेकर महोत्सव समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से महोत्सव समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल उपस्थित रहे। बैठक के दौरान 16 जनवरी से शुरू होने वाले इस महोत्सव के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। महोत्सव का शुभारंभ 16 जनवरी को माँ चंचला की भव्य कलश शोभा यात्रा से होगा। इसके बाद 17 और 18 जनवरी को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में पूजन सामग्री, कलश सजावट, मंदिर की साज-सज्जा, माता की बेदी की तैयारी और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सभी स्वयंसेवकों ने महोत्सव को सफल बनाने के लिए अपने-अपने दायित्व निभाने का संकल्प लिया। महोत्सव समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने कहा कि माँ चंचला का यह त्रिदिवसीय महोत्सव हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा का प्रतीक है। इसकी सफलता हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें अपनी पूरी मेहनत और श्रद्धा के साथ इस आयोजन को यादगार बनाना है।महोत्सव समिति के अन्य सदस्यों और स्वयंसेवकों ने भी महोत्सव को भव्य और सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए, ताकि महोत्सव में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## बसंतराय तालाब के सौंदर्यीकरण लेकर पर्यटन विभाग के विशेषज्ञों ने किया निरीक्षण



**बसंतराय संवाददाता (गोड्डा) ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक तालाब के सौंदर्यीकरण का एक लंबे इंतजार के बाद सरकार ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने में तत्परता दिखाई जाने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर जिला पर्यटन विशेषज्ञ आलोक ठाकुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमान मिश्रा, प्रखंड प्रमुख अंजर अहमद, जिप सदस्य मो0 एहतेशामुल हक ने संयुक्त रूप से तालाब के चारों तरफ घूम घूम कर तालाब का निरीक्षण किया। जिला पर्यटन विशेषज्ञ आलोक ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि बहुत जल्द इस ऐतिहासिक तालाब का कायाकल्प होने जा रहा है। इस सम्बन्ध में विभाग को सारी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर जिप सदस्य सह राजद प्रखंड अध्यक्ष मो एहतेशामुल हक ने सुझाव देते हुए कहा कि तालाब में भरे जलकुंभी का साफ-सफाई और और तालाब के चारों तरफ करीब सत्तर से अस्सी फीट तक मिट्टी की खुदाई किया जाय वही तालाब किनारे चारों तरफ गाइड वाल का निर्माण किया जाय। प्रखंड प्रमुख अंजर अहमद ने सुझाव देते हुए बताया कि तालाब किनारे रोड और हाई मास्क लाइट लगाया जाय और तालाब किनारे फैली गंदगी की साफ सफाई कर अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण कारियों से मुक्त किया जाय और तालाब में मोटर बोट कि व्यवस्था की जाए। मालूम हो कि आस्था से जुड़ा यह ऐतिहासिक तालाब बहुत बड़े भूभाग में फैला हुआ है। जिसका पिंड भाग अट्ठाईस बीघा उन्नीस कट्ठा सत्रह धूर और जल भाग उन्नीस बीघा उन्नीस कट्ठा एक धूर है। उक्त तालाब में प्रत्येक वर्ष चौदह अप्रैल को हजारों की संख्या में सफाहोड़ और झारखंड एवं बिहार से लाखों की तादाद में श्रद्धालु मन्नतें मांगने और स्नान करने आते हैं। जानकारों का कहना है कि मन्नतें पूरी होने पर बलि भी दी जाती है। ज्ञात हो कि वर्ष 2013 में तत्कालीन पर्यटन सजल चक्रवर्ती और तत्कालीन गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव के उपस्थिति में सौंदर्यीकरण को लेकर शिलान्यास भी किया गया था। जिसमें तीन करोड़ चौंसठ लाख की लागत से घाट, पार्क, गेट, गार्ड रूम, पार्क कैफेट एरिया, पीसीसी पथ, सेनेटरी पार्क, बाथ रूम आदि का निर्माण होना था। लेकिन जिला प्रशासन के द्वारा उदासीन रवैया के कारण उक्त तालाब शिलान्यास के बाद आज तक सौंदर्यीकरण का मोहताज बन कर रह गया है।

## सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का 33वां स्थापना दिवस मनाया गया



**मिहिजाम।** मिहिजाम स्थित जनजातीय संध्या डिग्री महाविद्यालय में सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका का 33वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुल गीत से हुई। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. कृष्ण मोहन साह ने विश्वविद्यालय की स्थापना पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी 1992 को बिहार विधानसभा द्वारा सिद्धू कान्हू विश्वविद्यालय दुमका का गठन किया गया था, और बाद में इसका नाम सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका रखा गया। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय संथाल परगना के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित हुआ है, जिससे क्षेत्र में उच्च शिक्षा की नई दिशा मिली है। आज विश्वविद्यालय अपने विशाल डिग्री परिसर में कार्यरत है, और आने वाले समय में यह क्षेत्र के छात्रों के लिए और भी अवसर उत्पन्न करेगा। कार्यक्रम में शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए गेट-टूगेदर का आयोजन किया गया, जिसमें कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में डॉ. सोमेन सरकार, डॉ. राकेश रंजन, अरविंद सिन्हा, बीपी गुप्ता, अमिता सिंह, पुष्पा टोप्पो, शबनम खातून, जयश्री, देवकी पंजियारा, सतीश शर्मा, बासुकीनाथ प्रसाद, रंजीत यादव, दिनेश किस्कु, संजय सिंह, उपेन्द्र पांडेय, नवल सिंह, उत्तम दत्ता, राजकुमार मिस्त्री, मनीष सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों के अधिकार पर दी जानकारी



**कुंडहित (जामताड़ा) ¬** कुंडहित बीआरसी भवन में समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन बीईईओ मिलन घोष ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने कहां दिव्यंगता अभिशाप नहीं है ।प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षित करने का अलाव उन्हें व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ना है ।जो बच्चे शारीरिक रूप से विद्यालय आने में अक्षम है उन्हें उनके घर में ही दैनिक जीवन से संबंधित कौशल शिक्षा दिया जाएगा। कोई रिसर्च शिक्षक प्रेम प्रकाश मंडल ने जानकारी देते हुए बताया दिव्यांग बच्चों के दैनिक जीवन से संबंधित उन्हें शिक्षा पर जोर देता है । उन्होंने शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यागत बच्चों के लिए प्रत्येक माह के 25 तारीख को जिला अस्पताल में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए अनुरोध किया । उन्होंने कहा दिव्यांगत अधिकार अधिनियम के तहत 21 प्रकार के दिव्यांग होते हैं। जिनकी पहचान कर उनके साथ अच्छा व्यवहार करना और उन्हें सरकारी सुविधा से लाभ दिलाना हम सभी का कर्तव्य है। मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर मेघनाथ सेन के अलावे विभिन्न विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## ठंड को देखते हुए प्रशासन से चौक चौराहा पर अलाव जलाने की हो रही मांग

**बसंतराय ।** प्रखंड क्षेत्र में मौसम का फिर से करवट लेने के बाद लोग ठंड से बेहाल होकर प्रखंड प्रशासन से प्रमुख चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं। बता दे कि बीते दो-चार दिनों से तेज पछुआ हवा के कारण कनकनी बढ़ गई है। इस कारण लोगों का जन-जीवन प्रभावित हो गया है। इससे बचाव को लेकर हर चौक चौराहा पर विशेष कर प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक अहमद नगर चौक और थाना परिसर में अलाव जलाने की मांग की गयी है। जिप सदस्य एहतेशाम उल हक ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में अत्यधिक ठंड के कारण जनमानस को अधिक कष्ट पहुंचने लगा है। इससे बचने लिए प्रशासन से हर चौक चौराहों पर अलाव जलाने की मांग की गयी है। उन्होंने बताया कि चौक चौराहा एवं प्रखंड कार्यालय में पहुंच रहे लोगों को सुविधा के लिए अलाव की व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। बताया कि विशेषकर राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। हर वर्ष प्रखंड प्रशासन की ओर से चौक चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाती रही है। इस बार भी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी से प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र के अन्य चौक चौराहों पर अलाव जलाने की मांग की जा रही है ताकि कपकपाती ठंड में आमजनों को राहत पहुंचाई जा सके। तत्काल ठंड से बचने के लिए लोग खुद से ही इंतजाम कर अलाव जला रहे हैं ।पर गरीब व मजदूर तबके के लोग ठंड में अपने काम धंधे के इंतजार में चौक चौराहे पर ठंड में बैठे रहते हैं। जिप सदस्य ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही जनहित में प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था हो।

## महागामा नगर पंचायत क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव



**महागामा संवाददाता** ¬ नगर पंचायत क्षेत्र में अब तक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। महागामा नगर के चंदन कुमार, ध्रुव कुमार, रोबिन रविदास, जयंत झा, मनोज कुमार, अमरेंद्र कुमार आदि ने कहा कि शहरी क्षेत्र के विकास के लिए सड़क और नाला निर्माण जैसे कार्य किया जा रहा है लेकिन बस स्टैंड, कॉम्प्लेक्स, सार्वजनिक बाथरूम व पेयजल की व्यवस्था अब तक नहीं की गई है। बसुआ चौक, मोहनपुर चौक जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर राहगीरों के लिए न तो बैठने की उचित व्यवस्था है और न ही बाथरूम या शौचालय जैसी सुविधाएं। जिससे महिलाओं को इन सुविधाओं की कमी के चलते विशेष रूप से कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है और इधर उधर चाय के दुकानों पर बैठने के लिए विवश हैं। नगरवासियों ने मांग की है कि बसुआ चौक के समीप बस स्टैंड, दुकाने, रैन बसेरा, पानी की सुविधा, शौचालय सहित अन्य जगहों पर निर्माण हो। **क्या कहते हैं कार्यपालक पदाधिकारी**महागामा नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार ने इस संदर्भ में कहा कि महागामा शहरी विकास की कई योजनाएं तैयार की जा रही है। जिसमें विकास के कई कार्य देखे जाएंगे। इन्होंने कहा सभी के सहयोग से आने वाले समय में महागामा नगर पंचायत को आदर्श नगर पंचायत की तरह विकसित किया जाएगा।

## नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सहिया साथी की हुई समीक्षात्मक बैठक



**संवाददाता नाला** (जामताड़ा)-- शुक्रवार को नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी के निर्देश के आलोक में सहिया साथी की समीक्षात्मक बैठक हुई। इस अवसर पर फील्ड मॉनिटर शशि भूषण कुमार, एसटीटी लक्ष्मी मंडल, बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पू तथा बीटीटी भी मौजूद रहे7 मालूम हो कि इस दौरान खासकर जिरो डोज बच्चे का हेड अकाउंट सर्वे करते हुए चिन्हित करने तथा एमआर वन तथा टु का ड्रॉप आउट बच्चों को चिन्हित करने, संस्थागत प्रस्व कराने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। । इसके अलावे परिवार नियोजन, आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, एमटीसी, पीएलए, भीएचएसएनसी,जेएएस,सीबीएसी फॉर्म, नियमित आदि बिंदुओं पर प्रगति समीक्षा की गई। इस दौरान सभी सहिया साथी को पी एल ए 12 नंबर की बैठक का रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। वहीं महिला बंध्याकरण तथा एनएसभी( पुरुष नसबंदी) के लाभुक को लाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पू, फील्ड मॉनिटर शशि भूषण कुमार, एमटीएस अहमद रेजा परवेज, एसटीटी लक्ष्मी मंडल, बीटीटी अंजू माजी,बीटीटी प्रदीप कर,बीटीटी बलदेव मरांडी, बबीता भुंई, भादू पातर, चित्रा मंडल , सरस्वती गोराई, सविता दास, रूपाली सिंह, सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## झारखंड के किसी भी निजी विद्यालयों को बंद नहीं होने देगा एसोसिएशन : राम रंजन



**गोड्डा ।** झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के महासचिव रंजन कुमार सिंह ने सरकार पर प्राइवेट स्कूलों को मान्यता देने में उदासीनता एवं मनमानी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि एसोसिएशन किसी प्राइवेट स्कूल को बंद होने नहीं देगा। एसोसिएशन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, रांची के समस्त निजी विद्यालयों ने आरटीई 2009-11 के आलोक में मान्यता के लिए प्रपत्र- वन अपने-अपने जिला के जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में समर्पित कर दिया है। लेकिन उसमें से कुछ विद्यालयों का स्थल निरीक्षण हुआ। कुछ के आवेदन मान्यता के लिए राज्य को प्रेषित किया गया, लेकिन 2024 तक किसी को मान्यता नहीं दिया गया। कुछ विद्यालय को मान्यता दिया गया तो मात्र एक वर्षों के लिए। वर्ष 2019 में आरटीई 2009-11 को झारखंड सरकार ने प्रथम संशोधन नियमावली 625 दिनांक 25.4.2019 लागू कर दिया। पच्चीस हजार का निरीक्षण शुल्क का चालान, एक लाख का विद्यालय के नाम से एफडी, अग्नि शामक, तड़ित चालक, प्रत्येक विद्यालय के भवन और कमरे का साइज आदि नए मान और मानक लागू किए गए, इसमें कहा गया कि कक्षा 01 से 05 तक के विद्यालयों को 40 डिसमिल जमीन शहर में 60 डिसमिल जमीन गांव में हो। कक्षा 01 से 08 तक के लिए 75 डिसमिल जमीन शहर में और एक एकड़ जमीन गांव में हो। ज्ञात हो की झारखंड में एसपीटी एक्ट और सीएनटी एक्ट लागू है, जिसके तहत जमीन की खरीद बिक्री या लीज संभव नहीं है। प्रदेश में सभी धर्मों एवं वर्गों के विद्वान शिक्षाविद निजी विद्यालयों का संचालन झारखंड के बिहार से अलग होने के पूर्व काल से कर रहे हैं, उनके जीवन का स्वर्ण युग अब अस्तचल की ओर है। वर्तमान सरकार चाहती है की 2019 के प्रथम संशोधन नियमावली के अनुरूप ही निजी विद्यालयों को मान्यता दी जाए।

## आनंद मार्ग ने किया कंबल का वितरण



पथरगामा प्रतिनिधि ¬ प्रखंड के निस्तारा गांव में गुरुवार को आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम के सौजन्य से गरीब असहायों के बीच कड़ाके की ठण्ड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया। वहीं ध्यान साधना एवं प्रवचन का आयोजन किया गया। इस मौके पर आचार्य वज्र दत्तानंद अवधूत, आचार्य मधुमाया नन्द अवधूत, भुक्ति प्रधान निशिकांत, उग्रमोहन, अनारसी, नवल किशोर, आनंद किशोर, संजीव, कृष्णम आदि मौजूद थे।

## फाइलेरिया प्रभावित मरीजों के बीच वितरित किया गया मेडिकल किट



**जामताड़ा ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में शुक्रवार को फाइलेरिया प्रभावित रोगियों के बीच एमएमडीपी किट वितरण करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रथम चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.निलेश कुमार और एमपीडब्ल्यू मनोज तिवारी ने सभी लाभुकों के बीच एम एम डी पी किट का वितरण किया और रोगियों को इसके सही इस्तेमाल की जानकारी दी गई। वही प्रथम चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निलेश कुमार ने किट का उपयोग करने के विषय में सभी लाभुकों को डेमो दिखाकर बताया। उन्होंने यह कहा कि किट फलेरिया से प्रभावित अंगों की सफाई में सहायक होगी और इससे वेक्टर इंफेक्शन का खतरा कम होगा। वहीं, एमपीडब्ल्यू मनोज तिवारी ने रोगियों को किट का सही तरीके से इस्तेमाल करने की सलाह दी और यह निर्देश दिया कि प्रभावित अंगों को साफ रखना बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान सभी सहिया और सहिया साथियों को भी यह निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्रों में जितने भी फलेरिया से ग्रसित रोगी हैं, उन्हें एमएमडीपी किट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही, फलेरिया से संबंधित दवाओं का वितरण समय-समय पर करते रहने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में एमपीडब्ल्यू रूपेश कुमार, कालीपद दास, प्रवीण कुमार, कुणाल कुमार, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर रणधीर शर्मा और अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। फलेरिया के खिलाफ इस प्रयास से रोगियों को नई उम्मीद मिल रही है और स्वास्थ्य केंद्र की यह पहल सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

## डीसी ने लाइफलाइन एक्सप्रेस, पोड़ैयाहाट की तैयारियों के संबंध में की समीक्षा बैठक



**गोड्डा सं।** उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित लाइफलाइन एक्सप्रेस के तैयारियों की संबंध में समीक्षा बैठक हुई। जहां स्वास्थ्य केंद्र में मूलभूत सुविधाएं, पेयजल, बिजली, शौचालय, चिकित्सकों एवं रोगियों की रहने के लिए बेड एवं दवा की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर पवन वाघ के नेतृत्व में जिला नजारत सह उपसमाहर्ता श्रवण राम, नगर प्रशासक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष कुमार को लाइफलाइन एक्सप्रेस, पोड़ैयाहाट की तैयारियों का जायजा लेने हेतु निर्देशित करते हुए सभी कार्यों को 10 जनवरी से पूर्व पूर्ण कराने का निर्देश दिया। प्राप्त निर्देश के अनुपालन में संबंधित पदाधिकारीयों द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ0 अनंत कुमार झा, प्रखंड विकास पदाधिकारी पोड़ैयाहाट फुलेश्वर मुर्मू, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पोड़ैयाहाट, इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## श्रम, नियोजन मंत्री ने नगर क्षेत्र के गरीब, असहाय व जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**गोड्डा ।** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सह उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव के द्वारा नगर क्षेत्र अंतर्गत पुराना समाहरणालय, आश्रय गृह एवं हटिया चौक में सैकड़ों गरीब, असहाय एवं दिव्यांग लोगों को बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर उन्होंने कहा ÷तीन-चार दिनों से चल रहे शीतलहर के कारण ठंड से परेशान लोगों को राहत देने के लिए यह पहल की गई है ÷मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है।÷ कंबल पाकर गरीब और असहाय लोगों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। उन्होंने माननीय मंत्री एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। जिले के सभी प्रखंडों में स्थानीय प्रशासन की देखरेख में जरूरतमंद व्यक्तियों को बढ़ते ठंड से बचने के लिए कंबल वितरण करने एवं अलाव की व्यवस्था का निदेश दिया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उप समाहर्ता श्रवण राम, नगर प्रशासक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष कुमार, अन्य पदाधिकारी सहित सामाजिक सुरक्षा विभाग एवं नगर परिषद के कर्मीगण मौजूद थे।

## ललमटिया-बोआरीजोर मुख्य मार्ग पर सड़क दुघर्टना में एक की मौत, दूसरा घायल



**ललमटिया संवाददाता (गोड्डा) ।** जिले के ललमटिया-बोआरीजोर मुख्य मार्ग पर बोआरीजोर थाना क्षेत्र स्थित तलबड़िया में सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो युवक ट्रेक्टर टर्निंग करते समय उसके चपेट में आने से एक की मौत दूसरा घायल हो गया। जहां इस घटना की सूचना मिलने पर बोआरीजोर थाना प्रभारी ध्रुव कुमार के निर्देश पर पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंची और मौजूद लोगों से घटना की जानकारी ली। ट्रेक्टर काफी रफ्तार में टर्निंग ले रहा था। उसी दौरान बाइक सवार उसके चपेट में आ जाने से यह घटना घटित हुई है। जहां प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोआरीजोर लाया गया। जिसके बाद मोटरसाइकिल सवार अरुण ठाकुर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरा घायल चालक विजय ठाकुर को प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। दोनो युवक साहेबगंज जिला के गंगपुरा गांव का रहने वाला है। जो कि वह अपनी बहन के मृत्यु होने पर ललमटिया थाना क्षेत्र स्थित सिमड़ा से राजमहल अंतिम संस्कार के लिए जा रहा था। इसी क्रम में ट्रेक्टर की चपेट में आने से अरुण कुमार की मौत हो गई। तो दूसरा विजय ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गया है। मौके पुलिस पहुंचकर ट्रेक्टर को जप्त कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

## राशन कार्ड में ईकेवाईसी को लेकर लाभुक परेशान, वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

संवाददाता नाला (जामताड़ा)-- क्षेत्र में इन दिनों पी0डी0 एस0 डीलर के पास राशन कार्डधारी के सद?स्य ई केवाईसी करने के लिए सुबह से शाम तक डटे हुए है। विभागीय निदेश है कि जिस व्यक्ति का ई केवाईसी नहीं होगा उन्हें राशन सामग्री से वंचित रहना पड़ेगा या राशन कार्ड में उनका नाम काट दिया जाएगा।उक्त बातें समाज सेवी नैनी प्रसाद गोराई ने कही। श्री गोराई ने कहा कि हालांकि सरकार का यह कदम युक्तिसंगत है। जिससे विभाग को यह पता चले की वास्तविकता में कितने सदस्यों को राशन सामग्री मिलना चाहिए इससे फर्जीवाड़ा से बचा जा सकता है। लेकिन कई बड़े बुजुर्गों एवं छोटे-छोटे बच्चे बच्चियों का फिंगर मैच या हस्त रेखा की अस्पष्टता के कारण ई केवाईसी कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। हालांकि सरकार ने ई केवाईसी के लिए कई बार तिथि बढ़ा रही है लेकिन फिर भी कई बुजुर्गों एवं बच्चों का कई बार पीडीएस डीलर के पास चक्कर लगाकर थक चुके हैं फिर भी उनका अब तक ई केवाईसी पूर्ण नहीं हुआ है कभी-कभी तो डीलर एवं राशन कार्ड धारी के सदस्यों के बीच नोक-झोंक भी हो जाती है। लेकिन कई कारणों से ई केवाईसी नहीं हो पा रहा है। ऐसे लोग चिंतित एवं मायूस है कि कहीं उनका नाम राशन कार्ड से कट जाएगा तो जीने का सहारा छिन लिया जाएगा। श्री गोरांई ने कहा कि देहाती क्षेत्र में अधिकतर लोग कृषक एवं मजदूर वर्ग श्रेणी में आते हैं जो दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं यदि वे एक दिन मजदूरी नहीं करते हैं तो उनके परिवार में आफत आ जाती है। राशन दुकान का चावल उनका एकमात्र भरोसा है। जिससे वे दो व्यक्ति की रोटी जुगाड़ करते हैं लेकिन उनका नाम कट जाने से उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति पैदा हो जाएगी। श्री गोरॉई ने झारखंड के खाद आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी एवं मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन से वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए वास्तविकता जानकर ही राशन कार्ड से नाम हटाने की प्रक्रिया की मांग की है ताकि कोई भी योग्य व्यक्ति राशन सामग्री से वंचित न रहे।

# हिंदी साहित्य रेन नामडाक आचार्य शिवबालक रायाक् 109वीं जानामाहांको मानाव केदा

## आचार्य शिवबालक राय दो़ हिंदी आलोचना रेन शिखर पुरूष कानाय

खोबोरिया

**साहेबगंज।** हिंदी साहित्य रेन नामडाक समालोचक आचार्य शिवबालक रायाक् 109वीं जानामाहां ओराम मानाव एना। प्रगति भवन रे ओरामेन जानाममाहांसेलेत् रे आचार्य जी रेन पा़ठवा़, गो़ड़ोंका़मिया़को आर साहित्य दुक्ला़ड़िया़को सेलेत् एना। सेमेलेत् सभा दो़ डॉ रामजन्म मिश्र, कुलाधिपति, विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ भागलपुर सह प्रधान संपादक प्रगति वार्ता होते आ़युर रे होय एना। आचार्य शिवबालक रायआक् चिता़र मुठा़न रे बाहामाला आराव काते का़मीहो़रा एतो़हो़ब तुलुच् डॉ सच्चिदानंद, सचिव झारखंड राजभाषा साहित्य अकादमी दो़य मेन केदा जेआचार्य शिवबालक राय दो़ हिंदी आलोचना रेन शिखर पुरूष कानाय,ओ़को़य दो़ हजारी प्रसाद द्विवेदी, पंडित रामचंद्र शुक्लआक् परंपरा रेन वर्ण्य आलोचमको रे कानाय। आचार्य श्री आदि कवि महर्षि वाल्मीकिआर लोकमंगल रेन महाकवि गोस्वामी तुलसीदासाक् साहित्य रे आलोचनातेयाक् ञेनेल ते गा़हिर तेय बिबिछना़उ आकादा। वाल्मीकियाक्




